संस्कृत–गद्यकाव्य

MAST- 108

खण्ड– 2 – शिवराजविजयम् (प्रथम निःश्वास)

इकाई– 07 आधुनिक गद्यसाहित्य का सामान्य परिचय।

इकाई– 08 पं. अम्बिकादत्तव्यास का व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व।

इकाई– 09 संस्कृत गद्यांश का हिन्दी अनुवाद एवं संस्कृत व्याख्या।

(विष्णोर्माया भगवती से आर्यवंश्यांश्चाभिमन्यामहे तक)

इकाई– 10 संस्कृत गद्यांश का हिन्दी अनुवाद एवं संस्कृत व्याख्या

(''उपक्रममुपाकर्ण्य0'' से ''स्वकुटीरं प्रविवेश'' तक)

इकाई– 11 ''शिवराजविजयम्''' से सम्बन्धित आलोचनात्मक प्रश्न।

इकाई – 07

आधुनिक गद्य साहित्य का सामान्य परिचय

इकाई की रूपरेखा–

7.0 प्रस्तावना

7.1 उद्देश्य

7.2 आधुनिक गद्यसाहित्य का सामान्य परिचय

7.3 आधुनिक गद्यकाव्य के भेद

7.0 प्रस्तावना–

परास्नातक संस्कृत (MAST) पाठ्यक्रम के अन्तर्गत आपको पं. अम्बिकादत्तव्यास जी के द्वारा विरचित 'शिवराजविजयः' के प्रथम निःश्वास का अध्ययन करना है। इस ऐतिहासिक गद्यकाव्य के अध्ययन के पूर्व आपको ''आधुनिक गद्यसाहित्य का सामान्य परिचय'' भी प्राप्त करना है; क्योंकि पं. अम्बिकादत्त व्यास की गणना आधुनिक गद्यसाहित्यकार के रूप में होती है। साहित्य का आधुनिक काल लगभग सत्रहवीं शताब्दी से प्रारम्भ होता है। अतः सत्रहवी से लेकर बीसवी शताब्दी के कालखण्ड में जितने कवियों ने साहित्यक्षेत्र में अपनी रचनाएँ की उनका परिचय यहाँ आवश्यक है।

7.1 उद्देश्य –

इस गद्यकाव्य के अध्ययन से पहले आपके मन में यह जिज्ञासा सहज ही होगी कि आधुनिक गद्यकाव्य की उत्पत्ति कैसे हुई। इसका कालखण्ड क्या है? यह जानने के लिये इकाई 7.2 में आधुनिक गद्यकाव्य का सामान्य परिचय दिया जा रहा है। इसमें संस्कृत गद्यकाव्य की उत्पत्ति का संक्षिप्त परिचय दिया जा रहा है। इसी खण्ड में गद्यकाव्य के भेदों का एवं उसके मूल स्रोतों का भी संक्षिप्त परिचय दिया जा रहा है; क्योंकि शिवराजविजय की विधा को जानना

अनिवार्य है।

इकाई 7.2 के अन्तर्गत आधुनिक काल में कितने लब्धप्रतिष्ठ गद्यकार हुए और उनका संस्कृत काव्यपरम्परा में क्या योगदान है; इस जिज्ञासा को शान्त करने के लिये लब्धप्रतिष्ठ संस्कृत गद्यकारों का विस्तार से एवं अन्य गद्यकारों का सिंहावलोकन न्याय से परिचय दिया गया है।

संस्कृत के प्रसिद्ध और अल्पप्रसिद्ध गद्यकारों के मध्य पं. अम्बिकादत्त व्यास जी एवं उनकी कृतियों का क्या स्थान है? इस जिज्ञासा को शान्त करने के लिये पं. अम्बिकादत्त व्यास जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को भी जानना आवश्यक है गद्यकार के स्थितिकाल और कृतित्व का परिचय 8.2,8.3 एवं 8. 4 में दिया गया है; जिसका अध्ययन अनिवार्य है। इस जिज्ञासा का शमन (इकाई– 8 से) होगा।

गद्यकार ने गद्यकाव्य में समाहित पात्रों का चरित्र–चित्रण कैसे संयोजित किया है; इसे जानने के लिये 8.14 का अध्ययन आवश्यक हो जाता है। वस्तुतः गद्यकाव्य सम्बन्धी साहित्यिक सामग्री गद्यकार की निजी प्रतिभा को उजागर करती हुई उसके कल्पना और यथार्थ के सम्मिश्रण का परिचय देती है। अतः इस दृष्टि से शिवराजविजय का अध्ययन अनिवार्य हो जाता है। इस ग्रन्थ की इकाई 8.14 में पात्रों के चरित्र–चित्रण की झाँकी उजागर की गयी है।

इकाई– 9 में 'शिवराजविजय' के प्रारम्भिक अंशों की संस्कृत व्याख्या और अनुवाद प्रस्तुत किया गया है। इसके अध्ययन से आपकी संस्कृत ज्ञान एवं अनुवाद की क्षमता का विकास होगा। क्योंकि आज के संदर्भ में यह आवश्यक हो जाता है कि संस्कृत का अध्येता सरलशब्दावली में संस्कृत का संस्कृत में और हिन्दी में रूपान्तर कर सके। इस खण्ड में मध्य–मध्य में 'विशेष' के माध्यम से गद्यकार एवं गद्यकार की साहित्यिक सामग्री का कला और सौन्दर्य के माध्यम से परिचय दिया जायेगा। अपनी सफलता हेतु इस प्रकार का अध्ययन करना आवश्यक है। इकाई–9 के अंत में कतिपय बोध प्रश्न दिये गये

हैं। इससे छात्रों का कवि विषयक ज्ञान सुदृढ होगा।

इस पाठ्य क्रम की इकाई –10 में संस्कृत के गद्यांशों का हिन्दी अनुवाद एवं संस्कृत व्याख्या काव्यशास्त्रीय मानकों के अनुसार की जायेगी। अतः इस इकाई का अध्ययन भी आपकी सफलता के हेतु आवश्यक है। इससे छात्रों को काव्यशास्त्रीय व्याख्यापद्धति का भी ज्ञान होगा।

इकाई–11 में शिवराजविजय से सम्बन्धित आलोचनात्मक प्रश्न एवं उनके उत्तर प्रस्तुत किये जायेंगे। इससे छात्रों का गद्यकार सम्बन्धी ज्ञान एवं गद्यकार की काव्यकला का स्थान क्या है ? यह जानने में आपको सहायता मिलेगी; जो आपकी गद्यकाव्य सम्बन्धी रुचि में कभी नहीं आने देगी।

7.2 आधुनिक गद्यकाव्य का सामान्य परिचय

मनुष्य अपने भावों एवं विचारों की भाषिक अभिव्यक्ति के आलोक में जिस शैली का सहज वाणी का उपयोग करता है; उसे संस्कृत साहित्य में गद्यकाव्य का नाम दिया जाता है। यह मानव के भावों की अभिव्यक्ति का एक सहज साधन है। विश्व की प्राचीनतम भाषा वैदिक संस्कृत है यहाँ सर्वप्रथम गद्यविधा का प्रयोग संवादों और कथोपकथन में दिखाई देता है। यजुर्वेदीय गद्य इस काव्य का चूडान्त निदर्शन है। इस यजुर्वेद से आविर्भूत हुए ब्राह्मणग्रन्थों, उपनिषदों और पुराणों तथा सूत्रग्रंथों में गद्य का अजस्र प्रवाह दिखाई देता है। इन ग्रंथों का भाष्य प्राञ्जल भाषा के गद्य का दर्शन कराता है। यही गद्य आगे चलकर गुण, रीति, रस और अलङ्कारों से सुसज्जित होकर अलङ्कृत गद्य के रूप में परिणत हो गया और सहृदय पाठकों के कण्ठहार के रूप में सुशोभित हुआ। रुद्रदामन् का गिरिनार शिलालेख (150 ई), हरिषेण की प्रयागप्रशस्ति या प्रयाग स्तम्भ (350 ई) अलङ्कृत शैली के गद्य की झाँकी को दृष्टिगोचर कराता है।

इस गद्यकाव्य के कथा और आख्यायिका नाम से दो भेद दृष्टिगत होते

है। पूर्वकाल में अष्टाध्यायी (सूत्रों), वार्तिकों और भाष्यग्रन्थों तथा पारिभाषिक ग्रंथों के रूप में पल्लवित यह गद्यकाव्य आगे चलकर दण्डी, बाणभट्ट और सुबन्धु जैसे कवियों के आश्रित होकर अलङ्कृत शैली के गद्य में परिवर्तित हो गया। आचार्य सुबन्धु का प्रत्यक्षर श्लेषमय प्रबन्ध 'वासवदत्ता', आचार्य दण्डी कृत 'दशकुमारचरितम्' और बाणभट्ट कृत ''हर्षचरितम्' आख्यायिका और कादम्बरी जैसी कथा में सहृदय सुधीजनों के मनमयूख को आह्लादित करके समाज को एक प्रौढ़साहित्य प्रदान किया; जो मनोरंजन के साथ ही राजनीतिक, लोकाचार, शास्त्रवैशिष्ट्य आदि विविध विषयों में नैपुण्य के लिये उपयोगी सिद्ध हुआ।

''न कान्तमपि निर्भूषं विभाति वनिताननम्'' (भामहालंकार 1.13) ऐसा काव्यलक्षण करने वाले आचार्य भामहाचार्य की इस उक्ति को इन रचनाकारों ने सार्थक किया। आचार्य दण्डी नें स्वयं भी काव्यादर्श में (2.1) ''काव्यशोभाकरान् धर्मानलंकारान् प्रचक्षते'' कहकर उक्त उद्घोष को प्रमाणित किया। आचार्य दण्डी के काल में अलंकार शैलीमूलक कलापक्ष को काव्य में अधिक प्रश्रय दिया। वक्रोक्ति मार्ग में निपुणं सुबन्धु की वासवदत्ता में स्थान–स्थान पर सभङ्ग और अभङ्ग श्लेषालङ्कार का चमत्कार दृष्टिगत होता है। इसमे प्रकृति–चित्रण, ऋतुवर्णन, प्रभात, संध्या, रात्रि एवं वन, पर्वत, नदी आदि के वर्णन के प्रसङ्ग में उपमा, रूपक, उत्पेक्षा, विरोधभास, परिसंख्या आदि विविध अलङ्कारों का चमत्कार दिखायी देता है। जो सुधीजनों को सहसा ही मुग्ध कर देता है। बाणभट्ट नें भी 'कवीनामगलद्दर्पो नूनं वासवदत्तया' कहकर उसकी मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की है।

महाराज हर्षवर्धन के चरित्र के रूप में प्राप्त 'हर्षचरितम्' प्रथम उपलब्ध आख्यायिका है; यह गद्य काव्य ओजगुणप्रधान, दीर्घसमासबहुल पदविन्यास से पूर्ण है। आचार्य बाणभट्ट नें इस रचना के उपोद्घात में आदर्श गद्य रचना के लिये नवीन अर्थ, अग्राम्या जाति, सहृदयों को आह्लादित करने वाली स्वभावोक्ति,

सरलश्लेष, स्फुट रस और विकटाक्षरबन्ध इन पाँच तत्त्वों को वांछनीय माना है– ''नर्वोऽर्थो जातिरग्राम्या श्लेषोऽक्लिष्टः स्फुटो रसः। विकटाक्षर बन्धश्च कृत्स्नमेकत्र दुष्करम्।'' हर्षचरित–पृ.9

इसी प्रकार 'कादम्बरी' में बाणभट्ट के कवि कर्म कौशल की विविध छटाओं का चूडान्त निदर्शन है। इसमें कादम्बरी का पूर्व भाग बाणभट्ट रचित है; तो उत्तरभाग उनके पुत्र पुलिनभट्ट की। ''कथाख्यायिकाकारा न ते वन्द्याः कवीश्वरा।'' हर्षचरित ''ओजः समासभूयस्त्वमेतद् गद्यस्य जीवितम्।''

''सुबन्ध बाणभट्टश्च कविराज इति त्रयः।

वक्रोक्तिमार्गे निपुणाश्चतुर्थो विद्यते न वा। ''राघवपाण्डवीय– 1.14।

7.3 संस्कृत साहित्य के प्रमुख गद्यकार एवं उनकी रचनायें–

7.2.1 विश्वेश्वर पाण्डे– पं. विश्वेश्वर पाण्डे (1560 से 1610) नें 'मंदारमंजरी' नामक गद्यकाव्य का प्रणयन किया। इनके पूर्वज भारद्वाजगोत्रीय पर्वतीय ब्राह्मण थे; जो मूलतः अल्मोडा जिले के पाटिया ग्राम के निवासी थे। कालान्तर में निःसन्तानता के कारण दुखी होकर इनके पिता पं. लक्ष्मीधर सूरि काशी चले आये थे; जहाँ उन्हें विश्वनाथ के आशीर्वाद स्वरूप एक पुत्र प्राप्त हुआ; जिसका नाम विश्वेश्वर सूरि रखा गया । ये विलक्षण प्रतिभा के धनी थे इन्होंने दशवर्ष की अवस्था से ही काव्यरचना प्रारम्भ कर दी थी। इनके द्वारा विरचित ग्रंथों में कुछ का प्रकाशन 'निर्णयसागर प्रेस बाम्बे' से और कतिपय ग्रंथों का प्रकाशन 'काशी संस्कृत ग्रंथमाला से हुआ था। पं. विश्वेश्वर सूरि न्याय, व्याकरण, काव्यशास्त्र के अद्वितीय विद्वान् थे। इन्होंने ''वैयाकरण सिद्धान्तसुधानिधि'' नामक अष्टाध्यायी की व्याख्या लिखी थी एवं नव्यन्यायदीधिति की टीका के रूप में 'तर्ककुतूहलम्' और 'दीधितिप्रवेश' नामक ग्रंथों की रचना की थी। इसके अतिरिक्त 'अलङ्कारकौस्तुभ', रसचन्द्रिका, अलङ्कार प्रदीप, अलङ्कार मुक्तावली, काव्यतिलक, काव्यरत्न इनके अलङ्कारविषयक महत्वपूर्ण ग्रंथ है। इनके अन्य

ग्रंथों में रोमावलीशतक, आर्यासप्तशती, होलिकाशतक, वक्षोजशतकम्, षड्ऋतुवर्णन और लक्ष्मीविलास उल्लेखनीय हैं। रसमञ्जरी की एक टीका के अंत में एक उल्लेख मिलता है; जिससे प्रतीत होता है कि ये भट्टोजिदीक्षित के पौत्र हरिदीक्षित के काल में वर्तमान थे और हरिदीक्षित इनसे मिले भी थे । (द्र. आचार्य बल्देव उपाध्यायकृत संस्कृतशास्त्र का इतिहास पृ. 410) वस्तुतः मंदारमञ्जरी, विश्वेश्वर की उदात्त और प्रौढ़ रचना है, जो गद्य, पद्यमय भाषा में निर्मित है। यह कादम्बरी की भाँति पूर्व और उत्तर भाग में विभाजित है। इसका नायकं चित्रभानु है और नायिका चंद्रकेतु और चंद्रलेखा की पुत्री मंदारमंजरी, पण्डितराज जगन्नाथ कृत आसफविलास इसी काल की आख्यायिका है; जिसमें पण्डितराज ने अपने आश्रयदाता की प्रशंसा लिखी है; किंतु दुर्भाग्यवश यह रचना अपूर्ण है।

7.3.2 रङ्गनाथ दीक्षित – इनका काल 1650 ई. सन् था इन्होंने गुण मंदारमंजरी' नामक कथा की रचना की है। यह ग्रंथ अद्भुत घटनाओं और रहस्य तथा रोमाञ्च से परिपूर्ण है।

7.3.3 श्रीकृष्णशर्मा– मंदारवती की रचना 1926 ई. सन् में हुई थी। इसमें कवि ने 'मंदारवती' की कथा को उपनिषद्ध किया है; ये इनके आश्रयदाता की रानी थी। श्रीकृष्णशर्मा इनके आश्रित कवि थे।

7.3.4 श्री शैल दीक्षित तिरुमलाचार्य– इन्होंने ''श्रीकृष्णाभ्यदय'' नामक ग्रंथ की दो भागों में रचना की है। यह गद्यविद्या की सांद्र रागात्मक अभिव्यक्ति की रचना है। इनका स्थितिकाल 1809 से 1887 ई. सन् था।

गद्य साहित्य के इस समृद्ध भंडार को कालान्तर में 'तिलकमंजरी' (धनपाल) ने समृद्ध किया। इस ग्रंथ के नायक महाराज जीवनधर हैं। इसक्रम में सकलविद्याचक्रवर्ती (1256 ई.) का ''गद्यकर्णामृत 'आता है। इस ग्रन्थ में ऐतिहासिक और पौराणिक वृत्त का मिश्रण है जिसे तिलकमंजरीसार (1261) वि. सं.) लक्ष्मीधर की तिलकमंजरी (1281) कृष्णाचार्य की 'तिलकमंजरीसंग्रह

(1869 से 1924 ई. सन्) ने और अधिक समृद्ध किया। इसी क्रम में वादीभसिंह कृत 'गद्यचिन्तामणि' (11वीं शताब्दी) का नाम भी उल्लेखनीय है। 15 वीं शताब्दी में वामनभट्टबाण हुए; जिन्होंने 'वेमभूपालचरित' की रचना की इन्होंने नलाभ्युदय, रघुनाथचरितकाव्य एवं पार्वतीपरिणय नाटक भी लिखा था। वेमभूपाल (1450 ई.) इनके आश्रयदाता थे; यह हर्षचरित से प्रभावित रचना है।

आधुनिक गद्यकाव्य का काल 18वीं से 20 वी शताब्दी का माना गया है। इस काल के महाकवियों में 'अहोविल नरसिंह' (1795 ई. सन्) का नाम उल्लेखनीय है। ये राजकृष्णराज के आश्रित कवि थे। इन्होंने बाणभट्ट की शैली का अनुकरण करते हुए 'अभिनवकादम्बरी' लिखी। इसमें इनके आश्रयदाता का चरित्र वर्णित है।

पं. विश्वेश्वर पाण्डे जी ने मन्दारमञ्जरी गद्यकाव्य को कथा ग्रंथ की शैली में लिखा है। ग्रंथ का प्रारम्भ महाकवि ने पूज्यों को नमस्कार करके किया है। साथ ही दुष्टात्मा खलों की माया, पिशुनसंसद् सज्जनों की सत्ता और ब्रह्म की सृष्टि से विलक्षण अनिर्वचनीय महाकवियों की कविता की संस्तुति तथा कुकवियों की निन्दा करते हुए कहा है– ''आद्यैपद्यैर्नमस्कारः खलादेवृत्तकीर्तनम्''।

'मन्दारमञ्जरी' की मूलकथा का प्रारम्भ प्राची दिशा से होता है जहाँ मगध में स्थित पाटलिपुत्र अथवा पुष्पपुर नामक नगर है; यहाँ पल्लववंशी राजशेखर का शासन था। इनकी रानी मलयवती थी। राजा के यहाँ शास्त्रीय और व्यावहारिक गुणों से युक्त बुद्धिनिधि नामका प्रधान अमात्य था। अत्यन्त प्रतापी वह राजा सन्तान के न होने से दुखी रहता था। एक दिन राजा को एक स्वप्न आता है; जिसमें पुत्रीय यज्ञानुष्ठान करवाने का उसे निर्देश मिलता है। राजा के वैसा ही करने पर मलयवती गर्भवती हो जाती है। पुत्रजन्म के पश्चात् राजा जातकर्मादि विविध संस्कारों को सम्पन्न करता है। बालक का नाम चित्रभानु रखा जाता है। राजकुमार समस्त विद्याओं को ग्रहण करता है।

सर्वशास्त्रनिपुण अमात्य बुद्धिनिधि चित्रभानु को समस्त आवश्यक शिक्षाएँ

देता है। एक समय जब राजा राजकुमार के साथ सभामण्डप में बैठा होता है तब इन्द्र का सारथि मातलि अपने स्वामी के रथ को लेकर पृथ्वी पर आता है और राजा को इन्द्र का संदेश सुनाता है। उसका सन्देश पाने के पश्चात् राजा उदयगिरि , काञ्चनाञ्चल, जम्बूपादप, जम्बूसरित, अमरावती, गन्धमादनपर्वत होते हुए कैलास पर्वत पर पहुँचता है। वह अपने समस्त परिवार के साथ लोहितशैल, वैद्युत पर्वत, सरयू नदी और शिवगिरि को देखते हुए गृत्समद ऋषि के आश्रम में प्रवेश करता है। जहाँ उसे इन्द्र (पुरन्दर) के दर्शन होते हैं। वहाँ स्थित विन्दुसरोवर के तट पर वह चित्रभानु गन्धर्वराज चित्रसेन की पुत्री मदयन्तिका से मिलता है; जो अपनी सखी विद्याधरेन्द्र चन्द्रकेतु की कन्या 'मंदारमंजरी' को उसे दिखाती है।

'मन्दारमञ्जरी' के पूर्वभाग का प्रारम्भ 28 आर्या छन्दों से किया गया है। आचार्य विश्वेश्वर पाण्डेय नें परमात्मा, ताण्डवनृत्य में सन्नद्ध शिव, गौरी, गणेश, लक्ष्मी एवं वाग्देवी सरस्वती की वन्दना की है। देववन्दना के पश्चात् कवि नें वाल्मीकि एवं वेदव्यास को प्रणाम किया है। इसके पश्चात् श्लेष के माध्यम से महाकवि कालिदास की प्रशंसा निम्नाङ्कित श्लोक के माध्यम की गयी है। कविता और काली के श्लेष के चमत्कार से पूर्ण एक श्लेषयुक्त छंद का प्रयोग हुआ है–

''नेत्राग्नमित्रा कुमारसूर्जनितमेघरघुभावा।

कवितामिश्रेण काली यशंगता कालिदासस्य।।''

आशय यह है कि कुमारसम्भव, मेघदूतम् और रघुवंशम् जैसे काव्यों को जन्म देने वाली कविता के बहाने भगवती काली कालिदास की वशवर्ती हो गयी हैं।

इसी प्रकार भवभूति के वैशिष्ट्य का वर्णन करता हुआ कवि कहता है कि भवभूति के वियोग और मर्यादा को संरक्षण प्रदान करने वाली वाणी के

रचना रूपी पुष्पगुच्छ के यथार्थत्व का परिमार्जन स्वयं ब्रह्मा भी नहीं कर सकते–

भवभूतेर्विच्छित्तिव्यभिचारमुचो गिरां गुम्फाः।

विधिना दुर्निवारं तेषां खलु भावभूतत्वम्।।

(मन्दारमंजरी, प्र, श्लोक. 9)

इसी प्रकार बाणभट्ट को संस्तुति में कवि कहता है कि यद्यपि इस भूतल पर बहुत से कवियों ने अपनी वाणी से वाग्देवी की उपासना की; तथापि बाणभट्ट नें परिशीलनमात्र न करके माँ सरस्वती के साथ अपने को आत्मसात् कर दिया; फलतः वाणी स्वयं स्त्रीत्व का त्यागकरके पुरुष रूप में बाणभट्ट का रूप धारण करके अवतरित हुई है। यह बात गोबर्धनाचार्य नें भी ''वाणी बाणो बभूव'' कहकर प्रमाणित की है।

परिशीलतितैव सरसं कविराजैर्बहुभिरिव बाग्देवी।

बाणेन तु वैजात्यात्कथयति नामैव वाणीति।।

(मन्दार. प्र. श्लोक 11)

वस्तुतः कार्यकारणभाव के ज्ञान के बिना अनुमानादि का और बाध्यबाधकभाव के ज्ञान के विना विरोधाभास आदि अलङ्कारों का एवं सादृश्यज्ञान के विना उपमा का और आहार्यज्ञान के विना रूपकादि अलङ्कारों का वास्तविक रसास्वाद नहीं हो सकता। इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिये आचार्य विश्वेश्वर ने 'मंदारमंजरी' नामक गद्यकाव्य की रचना की है।

इस ग्रंथ में लौकिक पदार्थों के वर्णन के द्वारा दर्शनशास्त्रीय पदार्थों का एवं लौकिक पदार्थों का प्रतिपादन किया गया है। इन्होंने व्याकरणशास्त्र को सभी शास्त्रों का उपकारक माना है। ''काणादं पाणिनीयञ्च सर्वशास्त्रोपकारकम्''। वस्तुतः इस उक्ति को ध्यान में रखकर कवि ने सादृश्य सम्बन्ध का अनुसरण करते हुए कुसुमपुर के वर्णन के प्रसङ्ग में प्रमाण–प्रमेय आदि दार्शनिक पदार्थों

का वर्णन किया है।

मंदारमंजरी का मुख्य वैशिष्ट्य कथानक का आदि से अन्त तक अजस्र प्रवाह है। यद्यपि उपकथायें भी मूलकथा में मिलती हैं; तथापि कथा का प्रवाह उत्तरोत्तर समृद्ध होता गया है। यह कादम्बरी की अपेक्षा इसकी कथा का वैशिष्ट्य है। कादम्बरी से प्रभावित होने पर भी कवि ने यहाँ सर्वत्र नवीनता लाने का प्रयास किया है। इस गद्यकाव्य में श्लेषनिष्ठ उपमा, उत्प्रेक्षा, रूपक, व्यतिरेक, विरोधाभास, परिसंख्या आदि अलङ्कारों का यथेष्ट मात्रा में प्रयोग हुआ है। इनकी छटा निम्नाङ्कित पङ्क्तियो' में द्रष्टव्य है– ''यस्मिन् सर्वोत्तरपुण्यचरितत्नाकरे शासति महीं गुणच्छेदो अङ्गप्रचारो गणितागमेषु, वर्णव्यत्ययः सात्त्विकभावेषु, सङ्करोऽलङ्कारेषु वैषम्यं छन्दप्रभेदेषु जातिनिराकरणं सौगतसिद्धान्तेषु, ईश्वरद्वेषो मीमांसकेषु, करग्रहणं विवाहविधिषु न ब्राह्मणेषु ... द्विजपरीक्षणं लक्षणविचारेषु न दानेषु श्रुतिलङ्घनं वधूनां कटाक्षेषु न जनेषु समभवन्।''

आचार्य विश्वेश्वरपाण्डे नें अपने गद्यकाव्य में दिखाया है कि मंदारमंजरी और चित्रभानु का अनुराग उत्तरोत्तर वृद्धि को प्राप्त होता है। कथा के पूर्वभाग की यहीं समाप्ति हो जाती है।

आचार्य विश्वेश्वर पाण्डे यद्यपि सुबन्धु और बाणभट्ट की कृतियों से प्रभावित थे; तथापि उन्होंने यह उद्घोषणा स्वयं की है कि मंदारमंजरी समस्त काव्यों से विचित्र होगी। जैसा कि उन्होंने मंदारमंजरी की प्रस्तावना में कहा है–

विशकलितैः परकीयैः पदार्थजातैः स्वकाव्यविन्यस्तैः।

याचितकमण्डनैरिव न भवति शोभा विजातीया।।

आचार्य विश्वेश्वर का अभिमत है कि विद्वानों के अंत करण से उद्भूत काव्यमयी वृत्ति मालिन्य दोष से रहित होने के कारण स्वच्छ होती है। फलतः

यथार्थतः आत्मप्रतीत के बोधक चैतन्यसूचक अर्थ का स्फुरण होता है। वे कहते हैं–

काव्यमयी विबुधानामन्तःकरणस्य वृत्तिरमलेयम्।

अर्थश्चैन्यमपि प्रतिफलति यथार्थतो यत्र।।

आशय यह है कि मन्दारमंजरी अन्य कवियों से अप्रभावित एक विलक्षण रचना है। इसकी प्रशंसा करते हुए पं. तारादत्त पंत जी कहते है– ''मन्दारमंजरी तु अतीवरुचिरा लौकिकशास्त्रीय व्यवहारवर्णनपरा कादम्बरीतोऽपि विलक्षण वासवदत्तायाअपि विचित्रा।''

मंदारमंजरीकथानक का वैशिष्ट्य यह है कि संस्कृत के गद्यकाव्यों में लौकिक पदार्थों के वर्णन प्राधान्य को देखते हुए विश्वेश्वर इस समस्या से अनभिज्ञ नहीं थे कि दर्शन के कार्यकारणभाव, व्याप्यव्यापकभाव तथा बाधकबाध्यभाव एवं प्रमाणादि गंभीर पदाथों को सुगमता सरलता से काव्य द्वारा कैसे प्रस्तुत किया जाय; जिससे दर्शन के अध्ययन से विमुख सुकोमलमति वाले पाठकों को काव्य के माध्यम से इन दार्शनिक पदार्थों का ज्ञान कराया जा सके। उनका मानना था कि उक्त दार्शनिक पदार्थो के ज्ञान के विना काव्य का आस्वाद लेने वाले सुधीजन काव्यशास्त्रीय अलङ्कारों के यथार्थ रसास्वाद से वञ्चित रह जाते है।

इस कृति में लघु एवं दीर्घ उभयविध वाक्यों का प्रयोग किया है। यत्र–तत्र समासबहुला पदावली का प्रयोग भी दृष्टिगत होता है किन्तु सामाजिक पदों की आयोजना श्रमसाध्य नहीं है– यह बात गद्य की कमनीयता और प्रौढता के द्वारा काव्य को प्रशंसनीय बना देती है। संवादों में भाषा का प्रवाह कहीं बाधित नहीं हुआ है। निस्संतानता और पाताललोक की ओर भागे दानवेन्द्र के विनाश की चिन्ता से ग्रसित राजा और अमात्यबुद्धिनिधि की मन्त्रणा में भाषागत सौन्दर्य का प्रवाह दर्शनीय है–

''विज्ञातमप्येतदार्यस्य स्मार्यते इह किल कर्मणा विच्छेदेन प्रतीयमाने संसारे जीवानां सुखादुःखान्यतदनुरूपशरीरग्रहः समुल्लसति, यत्तु पित्र्यं तृतीयं ऋणम् रभोगाय तत्पुत्र मात्रपरिहार्यमिति तद् बद्धोऽहं सकलातिशायिनी अपि सम्पदामिमां न बहुमन्ये, सम्पदो हि चलप्रायाः कालक्रमेणाविर्भवन्ति तिरोभवन्ति च, तासां हि सद्भावे सुखविशेषोऽभावे तु न कश्चिदपि अनिष्टलेशः'..... इत्यादि।''

इस ग्रन्थ की शिक्षाएँ कुमार चित्रभानु को मंत्री बुद्धिनिधि का उपदेश कादम्बरी के 'शुकनासोपदेश की स्मृति को जागृत कर देता है। विद्याग्रहण के समय कुमार को बुद्धिनिधि के द्वारा मानव की स्वाभाविक प्रवृत्ति, चञ्चलता, स्नेह राजोचित आदेश, स्वामिभक्ति, स्वाधिकार इत्यादि के सम्बन्ध में राजकुमार को उचित परामर्श शास्त्रीय और लोकव्यवहार के ज्ञान से परिपूर्ण है।

प्रकृति वर्णन– मंदारमंजरी में कवि नें स्थान–स्थान पर चन्द्रोदय रात्रि, प्रभात, सन्ध्या आदि प्राकृतिक दृश्यों का वर्णन किया है। महाकवि नें प्रकृति को भावोद्दीपक के रूप में चित्रित किया है। विरहवेदना से व्याकुल मदयन्तिका संध्याकाल का वर्णन करती हुई कहती है– ''ततः स्वल्पसमयमात्रावस्थायिनी रामबहुला मदीया जीवन संभावनेवाविर्भवति सन्ध्या, किञ्चिन्मात्रसंचारिणो मदीयाः प्राणाः इवा प्रेम्णः मन्दतामगाहन्त, विरलायमानप्रकाशो मदीयकल्पनाभिनिवेश इव विरराम दिवसः, तत्तदनुपपत्तिसन्धानेन प्रियतमलाभसंभावनेवोद्गच्छता तमसा तिरोधीयत माहेन्द्री हरित.....।'' सरसीभूतं च मत्सर्वाङ्गमिव वारिसमवायजाड्यम्।।''

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि मंदारमंजरी' विश्वेश्वरपाण्डे जी की गद्यकाव्यमयी उदात्त एवं प्रौढ रचना है। काव्यसौन्दर्याधायक गुणों से विभूषित यह रचना लोकप्रियता के योग्य है। इस कृति के प्रणयन में यद्यपि आचार्य विश्वेश्वर पाण्डे जी बाणभट्ट की कादम्बरी से प्रभावित हैं, तथापि उन्होंने इस गद्यकाव्य में सर्वत्र नूतनता लाने के लिये श्लाघनीय प्रयास किया है; जो परवर्ती कवियों के लिये अनुकरणीय है।

7.4 हृषीकेश भट्टाचार्य– पं. हृषीकेश भट्टाचार्य की 'प्रबन्धमंजरी' 11 निबन्धो के संग्रह के रूप में प्रकाशित हुयी है। इस ग्रंथ की शैली वैदर्भी है। इसकी भाषा ओजगुण से पूर्ण एवं प्रवाहमयी है। यद्यपि इसमें' दीर्घसामासिक पदों का प्रयोग हुआ है; तथापि पदविन्यास सरल और सुबोध है। आधुनिक गद्यकारों में इन्हें सम्मानजनक स्थान प्राप्त है।

7.5 पण्डिता क्षमाराव– पण्डिता क्षमाराव का जन्म 4 जुलाई 1890 ई. सन् में हुआ था। इन्होंने अनेक ग्रंथों की रचना की थी। इनकी मृत्यु 1954 ई. सन् में हुई थी। इनके तीन कथासंग्रह अद्यावधि प्रकाशित है। इनका कथापञ्चक 1933 ई. में प्रकाशित हुआ; तो ग्राम ज्योति 1954 में तथा कथामुक्तावली 1956 में प्रकाशित हुई। इन्होंने 1 एकांकी नाटक एवं तीन अङ्क वाले नाटक, 4 जीवन चरित लिखे हैं। इनकी ''महात्मा गाँधी की जीवन कथा'' दो भागों में प्रकाशित है। अपनी कथाओं में इन्होंने समसामयिक समस्याओं को उठाया है। देशप्रेम, स्त्रीशिक्षा, विश्वबन्धुत्व, अहिंसा, सत्याग्रह, विधवा विवाह, सती प्रथा जैसे ज्वलंत मुद्दों को इन्होंने अपनी कथाओं का विषय बनाया है। इन्होंने स्वयं भी आजीवन धर्मान्धता का पूरी निष्ठा से विरोध किया है।

7.6 अम्बिकादत्त व्यास– ये 18 वी शताब्दी के अद्वितीय विद्वान् थे। वस्तुतः विश्वेश्वर पाण्डे के बाद 18 वी और 20 वीं शताब्दी में लिखे गये गद्यकाव्य आधुनिक उपन्यासों से सर्वाधिक साम्य रखते है। पं. अम्बिकादत्त व्यास का स्थितिकाल 1858 से 1900 ई के मध्य था। इन्होंने हिन्दी तथा संस्कृत दोनों भाषाओं में अनेक रचनाएँ की। वस्तुतः 'शिवराजविजय' कादम्बरी के साथ ही बाग्ला उपन्यासों से भी प्रेरित है। स्वय पं. अम्बिकादत्त व्यास जी ने इसें उपन्यास कहा है। इस रचना पर बाणभट्ट की गद्यशैली और वर्णना कला का पूर्ण प्रभाव है। तीन विरामों में विभाजित इनके 'शिवराजविजय' ग्रंथ का प्रत्येक विराम चार निःश्वासों में पुनः विभक्त हुआ है। इस ग्रंथ की उपयोगिता को देखते हुए प्रायः सभी विश्वविद्यालयों नें अपने पाठ्य क्रम में इस

महनीय ग्रंथ को शामिल किया है।

शिवराजविजय का गद्यकाव्य में स्थान– यह गद्यकाव्य एक ऐतिहासिक गद्यकाव्य है; जो उपन्यास विधा में लिखा गया है। इसका प्रधान रस वीर है; अन्य रस उसके अङ्ग के रूप में यथास्थान प्रवाहित होते हैं। इसके नायक महाराष्ट्रगौरव वीर शिवाजी है और प्रतिनायक बीजापुरशासक अफजलखान हैं। प्रभावशाली संवादयोजना इस गद्यकाव्य एक अन्य विशेषता है। इस ग्रंथ की रचना में सस्कृत कवियों को एक नूतन दिशा प्रदान की है। आगे चलकर यह काव्य परवर्ती गद्यकाव्यकारों का पथ प्रदर्शक बना। इसका अनुकरण करते हुए नासिक के निवासी मेधाव्रत कविरत्न नें 'कुमुदिनीचन्द्र' नामक उपन्यास की रचना की । इसी प्रकार बंगलौर निवासी राजम्मा ने 'चन्द्रमौलि' नामक उपन्यास लिखकर सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार किया। पं. अम्बिकादत्त व्यास नें ग्रंथ के प्रारम्भ में जहाँ सूर्य की महिमा और स्वरूप का वर्णन किया हैं। वहीं आगे चलकर जगह जगह हनुमान मंदिर का वर्णन किया है। इस वर्णन का संदेश यह है कि उत्पीडन के प्रतिरोध एवं रक्षा के लिये बल और बुद्धि के देवता हनुमान् आराध्य देव हैं।

व्यास जी ने अपने पूर्ववर्ती कवियों की कृतियों एवं शैली से प्रभावित होने पर भी जागरूक साहित्यकार होने से युगीन आधुनिकता की उपेक्षा नही की है। अतएव पूर्ववती गद्यपरम्परा का अनुकरण करते हुए भी शिवराजविजय को औपन्यासिक विधा से सज्जित कर सर्वथा नूतन विधा के रूप में प्रस्तुत किया है। इसे वस्तुतः बाणभट्ट और दण्डी की शैलियों से समन्वित मापदण्डों और आधुनिक मापदण्डों का एक मञ्जुल सम्मिश्रण कहा जा सकता है। आधुनिक साहित्य के समीक्षकों ने व्यास जी को अभिनव बाण की पदवी से विभूषित किया है – ''व्यासस्तु अभिनवो बाणः।'' यदि हम पं. अम्बिकादत्त व्यास को अलङ्कृत शैली के गद्यकार महाकवि बाण का सच्चा उत्तराधिकारी मानें तो; यह अतिशयोक्ति न होगी। पं. अम्बिकादत्त व्यास जी के व्यक्तित्व और

कृतित्व पर आगे विस्तार से चर्चा होगी।

इनके अतिरिक्त आधुनिक संस्कृत गद्यकारों ' में चक्रवर्ती राजगोपाल' जी का नाम भी उल्लेखनीय है। इन्होंने शैवालिनी, कुमुदिनी, विलासकुमारी तथा सगर नामक चार उपन्यास लिखे हैं। इसी क्रम में, 'जयन्तिका' के लेखक जग्गू अलङ्कार, 'कुमुदिनीचन्द्र' उपन्यास के लेखक मेधाव्रत आचार्य , 'विद्वत्चरितपञ्चकम्' (जीवनचरित) के लेखक नारायण शास्त्री, लोकमान्यतिलक चरित के रचयिता वामन चितले, 'कथासंवर्तिका' के प्रणेता भगीरथ त्रिपाठी, गणपतिशास्त्री का सेतुयात्रावर्णनम् (यात्रावर्णनम्), राम जी उपाध्याय की 'द्वासुपर्णा' (उपन्यास), पं. रामशरण त्रिपाठी की 'कौमुदीकथाकल्लोलिनी एवं हरिदत्त पालिवाल की रूसी कथाओं के संस्कृत अनुवाद भी आधुनिक गद्य साहित्य के अप्रतिम पुष्प हैं।

बोधप्रश्न

1. गद्यकाव्य के कितने भेद संस्कृत साहित्य में प्रयुक्त हैं?
2. शिवराजविजय किस शैली का गद्यकाव्य है ?
3. क्या शिवराजविजय को ऐतिहासिक उपन्यास कहा जा सकता है ?
4. कथा और आख्यायिका में क्या अन्तर है ?
5. 'अभिनवबाण' की उपाधि किस गद्यकार को दी गयी है ?
6. शिवराजविजय की रचना किस कालखण्ड में हुई थी ?
7. संस्कृत गद्यकाव्य की महिला कवियित्री कौन–कौन हैं ?
8. आचार्य विश्वेश्वर की रचना का क्या नाम है?
9. आचार्य रङ्गनाथ दीक्षित ने किस कथा की रचना की है ?
10. मंदावती के रचयिता कौन हैं ?
11. श्रीशैलदीक्षिततिरुमलाचार्य की गद्यरचना का क्या नाम है ?
12. पण्डितराज जगन्नाथ ने किस आख्यायिका की रचना की है ?

इकाई–8

पं. अम्बिकादत्तव्यास का व्यक्तित्व एवं कृतित्व

इकाई की रूपरेखा–

8.1 प्रस्तावना

8.2 स्थितिकाल

8.3 शिक्षा

8.4 साहित्यसाधना

8.5 अम्बिकादत्तव्यास जी का कृतित्व

8.6 व्यास जी की प्रमुख रचनायें

8.7 शिल्पविधान

8.8 भाषा–शैली

8.9 सामाजिक चित्रण

8.10 प्रकृति चित्रण

8.11 पात्र योजना

8.12 पात्रचित्रण

8.1

संस्कृत साहित्य के विशालतम आकाश में पं. अम्बिकादत्त व्यास जी का नाम देप्दीयमान नक्षत्र की भॉति आलोकित है। अपनी अकुण्ठित प्रतिभा के सामर्थ्य से पं. अम्बिकादत्त व्यास जी को गद्यविधा में अप्रतिम ख्याति प्राप्त हुई। यद्यपि इन्होंने बाणभट्ट की परम्परा का निर्वाह किया है, तथापि ये अपनी मौलिकता, सुबोधकता, इतिहासबोध आदि वैशिष्ट्यों के कारण विद्वन्मण्डली

को आकृष्ट करने में समर्थ हुए हैं। इन्होंने अपनी हृदयग्राह्य शैली से गद्यकाव्य का हिंसक पशुओं से युक्त जंगल कहने वाले आलोचकों को करारा उत्तर दिया है। ऐतिहासिक गद्यकाव्य की विधा को लोकप्रिय बना देना व्यास जी के चातुर्य को दर्शाता है। व्यास जी का यह गद्यकाव्य उन्नीसवीं शती में लिखे गये उपन्यासों की विधा के समीप है।

8.2. स्थितिकाल–

पं. अम्बिकादत्त व्यास जी का जन्म चैत्र शुक्ल अष्टमी को विक्रमसम्वत् 1915 अर्थात् 1858 ईस्वी सन् में हुआ था। ये विलक्षण प्रतिभा से सम्पन्न थे। इनके पूर्वज मूलरूप से जयपुर के ''रावतजी की धूला'' नामक ग्राम से काशी आये थे। इनके पूर्वज आदिगौड पराशरगोत्र के यजुर्वेदी ब्राह्मण थे। इनके प्रपितामह श्रीगोविन्दराज जी थे। ये राजस्थान के राजा मानसिंह के द्वितीयपुत्र दुर्जनसिंह के वंश में उत्पन्न दलेल सिंह के राजपण्डित थे। पं. गोविन्दराज जी के प्रपौत्र राजाराम जी तीर्थयात्रा हेतु काशी आये थे और काशीवासियों के आग्रह के कारण मानमन्दिर मुहल्ले में स्थायी रूप से निवास करने लगे थे। पं. राजाराम जी के ज्येष्ठपुत्र पं. दुर्गादत्त जी संस्कृत और हिन्दी दोनों भाषाओं में विद्वत्तापूर्ण लेखन करते थे। इनका विवाह जयपुर में हुआ था। पं. अम्बिकादत्तव्यास इनके द्वितीयपुत्र थे। ये भी हिन्दी और संस्कृत दोनों भाषाओं में लेखनकार्य करते थे। पं. अम्बिकादत्त व्यास बारह वर्ष की अल्पायु से ही कविगोष्ठियों में सम्मिलित होने लगे थे। इसी काल के लब्धप्रतिष्ठ महाकवि भारतेन्दु हरिश्चन्द्र एक कविगोष्ठी में इनकी समस्यापूर्ति से मुग्ध हो गये थे; अतएव अपना वरदहस्त व्यास जी पर उन्होंने सदैव बनाये रखा।

8.3 शिक्षा–

पं. अम्बिकादत्त की शिक्षा–दीक्षा काशी में ही सम्पन्न हुई थी। उच्चशिक्षा काल में इन्होंने काव्यशास्त्र और साहित्यदर्पण का अध्ययन ताराचरण तर्करत्न

जी से किया। न्यायशास्त्र का ज्ञान कैलाशचन्द्र भट्टाचार्य और कुञ्जलाल बाजपेई से प्राप्त किया। आयुर्वेद और सांख्यदर्शन का अध्ययन राममिश्रशास्त्री जी से किया और विश्वनाथ कविराज जी से बांग्लाभाषा सीखी। इनका विवाह 13 वर्ष की अल्पायु में ही हो गया था। 16 वर्ष की अवस्था में इनकी माता का और 22 वर्ष की अवस्था में इनके पिताजी का स्वर्गवास हो गया था। छोटे भाई के निधन के पश्चात् गृहस्थी के संचालन का दायित्व भी इनके ऊपर आ गया था। ऐसी विषम परिस्थिति होते हुए भी साहित्य साधना में कोई बाधा नहीं आयी; इन्होंने इसी कालावधि में अनेक ग्रंथो की रचना कर डाली। साहित्यरचना काव्यलेखन में इनकी गति अप्रतिहत थी। इन्होंने एकरात्रि में ही द्रव्यस्तोत्र की रचना कर डाली। एक घडी में 100 श्लोक बना देने के कारण इन्हें ''घटिकाशतक' की उपाधि मिली थी। पं. अम्बिकादत्तव्यास जी आजीवन संस्कृत और सनातन का प्रचार करते रहे।

8.4 साहित्यसाधना–

पं0 अम्बिकादत्त ने मधुवनी, बिहार प्रांत में अध्यापन कार्य के साथ ही 'धर्मसभा' और 'सुनीतिसंचारिणी' संस्थाओं की स्थापना की। इन्होंने पटना में 'बिहारसंस्कृतसंजीवन' को पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। व्यास जी न केवल साहित्य में अपना रचना कौशल दिखाते थे, अपितु न्यायदर्शन, वेदान्तदर्शन और व्याकरणशास्त्र में भी अधिकार रखते थे। पाणिनि की सूत्रपद्धति पर इन्होंने 'आर्यभाषासूत्रधार' नामक हिन्दी व्याकरण पर लेखन प्रारम्भ किया था; जो दुर्भाग्यवश पूर्ण नहीं हो सका।

8.5 अम्बिकादत्त व्यास जी का कृतित्व–

अद्वितीय प्रतिभाशाली व्यास जी ने 80 के लगभग रचनाएं की। जिनमें 'शिवराजविजय' का प्रमुख स्थान है। यह एक ऐतिहासिक उपन्यास है। इनकी अन्य मुख्य रचनाओं में 'सामवतम्' नामक नाटक ग्रन्थ है। इनके अतिरिक्त

गुप्ताशुद्धि प्रदर्शन, अबोधनिवारण एवं बिहारीविहार इनकी अन्य प्रमुख प्रसिद्ध रचनाएँ हैं।

जैसा कि पहले भी देखा गया है कि अधिक प्रतिभासम्पन्न व्यक्तियों की जीवनावधि बड़ी छोटी होती है; उसी प्रकार पं. अम्बिकादत्त व्यास जी जैसा प्रतिभासम्पन्न कवि हमारे मध्य कम समय तक रहा। मात्र 42 वर्ष की अवस्था में उनका स्वर्गवास हो गया । उस समय व्यास जी गवर्मेन्ट संस्कृत कालेज, पटना में प्रोफेसर थे। व्यास जी का देहावसान 1900 ई. सन् में मार्गशीर्ष त्रयोदशी सोमवार को हुआ था।

8.6 व्यास जी की प्रमुखरचनाएँ –

पं. अम्बिकादत्त व्यास जी ने संस्कृत भाषा में 27 ग्रंथों की रचना की। जो निम्नलिखित है–

(1) पातञ्जलप्रतिबिम्बम् (2) गणेशशतकम् (3) संस्कृताभ्यासपुस्तकम् (4) कथाकुसुमम् (5) सांख्यसागरसुधा (6) प्राकृत– प्रवेशिका (7) प्राकृतगूढकोश (8) सामवतनाटकम् (12) शिवराजविजयः (13) गद्यकाव्यमीमांसा (14) दुःखद्रुमकुठारः (15) बालव्याकरणम् (16) द्रव्यस्तोत्रम् (17) गुणशुद्धिप्रदर्शनम् (18) समस्यापूर्तिसर्वस्वम् (19) सहस्रनामरामायणम् (20) कुण्डलीदर्पणम् (21 आर्यभाषासूत्रधारः (22) इतिहाससंक्षेपः (23) रत्नाष्टकम् (24) पुष्योपहारः (25) मित्रालापः (26) अवतारमीमांसाकारिका (27) धर्माधर्म–कलकलम्।

पं. अम्बिकादत्त साहित्य के कुशल चित्रणकर्ता होने के साथ ही संस्कृत साहित्य की विविध विधाओं में रचना करने वाले एक ऐसे रचनाकार थे; जो देश और काल के अनुरूप साहित्य की रचना में समर्थ थे। इन्होंने व्याकरण, कथासाहित्य स्तुतिसाहित्य की रचना तो की ही; इसके साथ ही ये प्राकृतभाषा के मर्मज्ञ भी थे। इसका प्रमाण इनकी प्राकृतप्रवेशिका और प्राकृतगूढकोश है। इन्होंने 'रेखागणितम्' की रचना करके गणित के क्षेत्र में अपनी

प्रतिभा दिखाई, तो 'गद्यकाव्यमीमांसा' की रचना द्वारा अपने आलोचक की छवि को परिपुष्ट किया। इन्होंने बच्चों के प्रारम्भिक ज्ञान के लिये सरल भाषा में 'बालव्याकरणम्' लिखा एवं 'समस्यापूर्ति' लिखकर बालकों की रचना प्रतिभा को उद्वेलित किया। इसके अतिरिक्त इन्होंने 'कुण्डलीदर्पणम्' लिखकर अपने ज्योतिषज्ञान की आभा विकीर्ण की। इनका 'आर्यभाषासूत्रधार' ग्रन्थ भी साहित्यजगत् में उल्लेखनीय है। इनका 'शिवराजविजयम्' नामक ऐतिहासिक गद्यकाव्य आधुनिक संस्कृत साहित्य का मुकुटमणि है।

पं. अम्बिकादत्त व्यास जी ने संस्कृत के साथ ही हिन्दी भाषा में भी लगभग 60 पुस्तकों का सृजन किया। संस्कृत की भाँति ही हिन्दी में भी इन्होंने नाटक, गद्यकाव्य, पद्यकाव्य, समस्यापूर्ति और आत्मकथापरक विविध रचनाएँ की; जो उनकी विलक्षण प्रतिभा के परिचायक हैं। इसी प्रतिभा के कारण वे 'भारतेन्दुसभा' के सम्माननीय सदस्यों में रहे। इसी प्रकार बिहार राज्य में 'संस्कृतसञ्जीवनी' समाज की स्थापना करके संस्कृत के प्रचार प्रसार में अप्रतिम योगदान दिया। मात्र 42 वर्ष की अवस्था में इतने बडे साहित्यलोक का सृजन किसी दैवी चमत्कार से कम नहीं है। यदि इन्हें साहित्य के शङ्कराचार्य की पदवीं दी जाय; तो इनकी प्रतिभा का संभवतः उचित सम्मान हो सकता है।

शिवराजविजय– पं. अम्बिकादत्तव्यास जी ने इस ग्रंथ की रचना 1898 ई. में पूर्ण की थी। संस्कृत साहित्य की गद्यशैली में उपनिबद्ध यह ग्रंथ ऐतिहासिक उपन्यास की कोटि में आता है। यह ग्रंथ लगभग पाँच वर्षों में पूर्ण, हुआ था।

8.7.1 शिल्पविधान–

इस ग्रन्थ में पं. अम्बिकादत्त व्यास जी ने अपनी प्रतिभा और कल्पनाशक्ति का प्रयोग करके इसे उच्च कोटि का ग्रन्थ बनाने का सफल प्रयास किया है। इसके कथाशिल्प की संघटना में व्यास जी ने प्राच्य और पाश्चात्य शिल्प का

समन्वय किया है। इसमें मुख्यकथा के साथ एक अवान्तरकथा भी कथानक में चलती है। जिसमें एक कथा का नायक महाराष्ट्र गौरव वीर शिवाजी है; तो दूसरी कथा का नायक रघुवीर सिंह नाम का अंतेवासी है। तथापि ये दोनों कथाएँ एक दूसरे से असम्बद्ध नहीं हैं। ये अन्योन्याश्रित कथाएँ हैं और एक दूसरे की पूरक हैं। 'शिवराजविजय' का कथानक तीन विरामों में विभक्त है। प्रत्येक विराम में चार निःश्वास है। इसकी रचना मुख्यरूप से पाञ्चालीरीति में हुई है। इस रचना में व्यास जी ने अवसर के अनुकूल दीर्घसमास बहुलाशैली और सरललघुपदावली का प्रयोग किया है। समासरहित गद्य का एक उदाहरण दर्शनीय है– 'बटुरसौ आकृत्या सुन्दरः वर्णेन गौरः, जटाभिर्ब्रह्मचारी, वयसा षोडषवर्षदेशीया, कम्बुकण्ठः, आयतललाटः, सुबाहुर्विशाललोचनश्चासीति।'

8.7.2 भाषाशैली–

पं. अम्बिकादत्त व्यास जी का भाषा पर पूर्ण अधिकार था। वे साहित्य के माध्यम से भावाभिव्यक्ति ये समर्थ थे। यद्यपि व्यास जी की कृतियों पर महाकवि बाणभट्ट का प्रभाव था तथापि उन्होंने अपने काव्यग्रन्थ को अलङ्कारों के बोझ से बोझिल नहीं होने दिया।

8.7.3 अलङ्कारयोजना–

पं. अम्बिकादत्त व्यास जी ने अवसर के अनुकूल औचित्यपूर्ण अलङ्कारों का प्रयोग किया है। इन्होंनें शिवराजविजय' में प्रायः अनुप्रास, उपमा, श्लेष, दीपक आदि अलङ्कारों की सुन्दर योजना की है। विरोधाभास अलङ्कार के प्रयोग में ये बाणभट्ट का अनुगमन करते हुए दिखायी देते हैं। शिवाजी के वर्णन में विरोधाभास की छटा दर्शनीय है–

''स्थूलदर्शनामपि सूक्ष्मदर्शनाम्, ध्वंसकाण्डव्यसनिनीमपि धर्मधौरेयीम्, कठिनापि कोमलाम् उग्रापि शान्ताम्, शोभितविग्रहामपि दृढसन्धिबन्धाम्, कलितगौरवामपि कलितलाघवाम्।''

8.7.4 रसपरिपाक–

शिवराजविजय में यद्यपि शान्त आदि रसों का का भी प्रयोग हुआ है, तथापि इस गद्यकाव्य का मुख्य रस वीर है। यहाँ अन्य रसों का प्रयोग उसके उपकारक के रूप में हुआ है। इस ग्रन्थ में अफजलखान को उत्तर देते हुए गौरसिंह के द्वारा शिवाजी के शौर्य का अद्‌भुत चित्रण है। व्यास जी ने जहाँ श्रृङ्गारिक वर्णन किया है वहाँ भी मर्यादा और शिष्टाचार में आबद्ध होते वर्णन सात्विक हो गया है।

8.7.5 संवाद योजना –

पं. अम्बिकादत्त व्यास जी ने इस गद्यकाव्य में सर्वोत्तम संवादयोजना की है। वस्तुतः सजीव रोचक और सरलभाषा में संवादयोजना औपन्यासिक गद्यकाव्य का प्राणभूत तत्त्व है। व्यासजी की ये विशेषताएं ही इस गद्यकाव्य की हृदयग्राहिता का रहस्य है। इसके संवाद बडे ही रोचक हैं। इसके संवादों में कहीं भी अनावश्यक विस्तार नहीं प्राप्त होता। संवादों की भाषा स्पष्ट और मुहावरेदार है; जो वर्ण्यविषय को रोचकता प्रदान करती है। संवादो की इस रोचकता का एक उदाहरण द्रष्टव्य है– दौवारिकः– आम् अये कथ्यताम् । संन्यासी– वयं च संन्यासिनो वनेषु गिरिकन्दरासु च विचरामः। दौवारिकः– स्यादेवम् । अग्रे– अग्रे। ''इत्यादि।

8.8 भाषा शैली–

पं. अम्बिकादत्त व्यास जी की वर्णना शैली सरल स्वाभाविक एवं प्रवाहपूर्ण है। इस 'गद्यकाव्य में राजनैतिक दाँव पेंचो और रणकौशल का सुन्दर चित्रण है। ग्रन्थकार ने मानवाकृति और हाव–भावों का भी सुन्दर चित्रण किया है ''कहीं – हास्य–व्यङ्ग का चित्रण है; तो कहीं अन्तः एवं बाह्य प्रकृति का सूक्ष्म चित्रण किया है। इनकी वर्णन शैली में दण्डी और बाणभट्ट दोनों की शैली के गुण दृष्टिगत होते हैं। शिवराजविजय की भाषा प्रचलित एवं मुहावरेदार

है। कथाप्रवाह अबाधित गति वाला है। अपने भावों को सुन्दर एवं स्पष्ट ढंग से कहने में व्यासजी अद्वितीय हैं।

आशय यह है कि पं. अम्बिकादत्त व्यास की भाषा प्राञ्जल है इनकी शैली पूर्ववर्ती सुबन्धु, बाण और दण्डी की कृतियों और शैलियों से प्रभावित होते हुए भी अपनी मौलिकता से पाठक को प्रभावित करती है।

8.9 चरित्रचित्रण –

पं. अम्बिकादत्त व्यास जी नें इस ग्रन्थ में मुगलकालीन सामाजिक परिस्थितियों पर प्रकाश डाला है। इन्होंने मुगलकाल में व्याप्त यवनों के अत्याचार, हिन्दुओं की दयनीय दशा एवं मुगलों की दमनकारी प्रवृत्तियों का यथार्थ चित्रण किया है। प्रथम निश्वास में इस स्थिति का सुन्दर चित्रण है– '' अद्य हि वेदाः विच्छिन्न वीथीषु विक्षिप्यन्ते, धर्मशास्त्राणि उद्धूय धूमध्वजेषु ध्मायन्ते, पुराणानि पिष्ट्वा पानीयेषु पात्यन्ते, भाष्याणि भ्रंशयित्वा भ्राष्ट्रेषु भर्ज्यन्ते।' ' इन पंक्तियों में व्यासजी ने एक यवनयुवक द्वारा गरीब ब्राह्मण की कन्या का अपहरण और यवनों के अत्याचार का सजीव चित्रण किया है, जिससे तत्कालीन प्रजा की सामाजिक स्थिति का परिचय मिलता है।

8.10 प्रकृति चित्रण–

'शिवराजविजय' में पं. अम्बिकादत्तव्यास जी नें जो प्रकृति चित्रण किया है; उसमें पर्याप्त प्रौढता एवं सजीवता दृष्टिगोचर होती है। वस्तुतः कवि की काव्यगत सफलता का मापदण्ड प्रकृतिचित्रण को माना गया है। अतएव व्यास जी नें सूर्योदय, सूर्यास्त, चन्द्रोदय' चन्द्रास्त एवं रात्रि आदि प्राकृतिक दृश्यों का मनोहारी वर्णन कर अपनी काव्यकुशलता का परिचय दिया है। वस्तुतः व्यास जी प्रकृति के मनोरम रूप के चित्रण में जितने प्रवीण हैं, भीषण रूप के चित्रण भी उतने ही निपुण है।

''कदलीदलकुञ्जायितस्य एतत्कुटीरस्य समन्तात् पुष्पवाटिका, पूर्वतः

परमपवित्रपानीयं, परस्सहस्रपुण्डरीकपटलपरिलसितं पतङ्गकुलकूजितपूजितं पयः सर आसीत्। दक्षिणतश्चैको ''निर्झरझर्झरझटितिदिगन्तरः..... सुन्दरकन्दरः पर्वतखण्ड आसीत्। इस चित्रण से हमारे सम्मुख पर्णकुटी और पर्वतखण्ड का सजीव चित्र उपस्थित हो जाता है।

8.11 पात्रयोजना–

शिवराजविजय में वर्णित सभी पात्र प्रायः प्रतिनिधिपात्र के रूप में चित्रित किये गये हैं। इस में वर्णित शिवाजी नामक पात्र और उनके सहयोगी देश, जाति एवं धर्म से अटूट प्रेम करते है। वे सभी राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत प्रोत हैं।

8.12 पात्रचित्रण –

इस गद्यकाव्य के पात्रों के चरित्र चित्रण में पं. अम्बिकादत्त व्यास जी ने स्वाभाविकता पर बल दिया है। उनका प्रत्येक पात्र जीवन्त और प्रभावी है। वह चाहे योगिराज नाम का पात्र हो अथवा ब्रह्मचारी गुरु या ब्रह्मचारी हो या आश्रमवासी ब्रह्मचारी हो। वस्तुतः शिवाजी की ऐतिहासिक कथावस्तु पर आधारित इस गद्यकाव्य में रचनाकार की दृष्टि वस्तुवादी होने के साथ ही साहित्यिक भी है। व्यास जी ने अपनी लेखनी के सामर्थ्य से ऐसे सशक्त चरित्र उकेरे हैं; मानों पाठक उसे देख रहा है।

(1) औरङ्गजेब का परिचय यवनों के सरदार के रूप में हुआ है। उसका शब्दचित्र उकेरते हुए व्यास जी कहते हैं–

''मूर्तिमदेव कलियुगगृहीतविग्रह इव चाधर्मः, आलमगीरोपाधिधारी' औरङ्गजेबः सम्प्रति दिल्लीबल्लभतां कलङ्कयति।'' (शि.पू.नि.) इस गद्यकाव्य में औरङ्गजेब अधर्म और पाप के प्रतीक कलियुग की साक्षात् मूर्ति के रूप में वर्णित है। वह परायी स्त्रियों का अपहरण करता है, बाजार में ऐसी अबलाओं के शील और सम्मान का व्यापार करता है। वह कुलीन नारियों के सतीत्व का

अपहर्ता है। दीनदुखियों का शोषण, अपहरण और विनाश में रुचि रखने वाला तथा हिन्दूजाति का प्रबल शत्रु है। वह क्रूर यवन शासक के रूप में चित्रित हुआ है।

2. शिवाजी– इस गद्यकाव्य में वर्णित शिवाजी भारतीय संस्कृति और आदर्शों के प्रतिनिधिपात्र हैं। ये अप्रतिमवीर हैं। इनका नाम सुनकर शत्रुओं शरीर में भय व्याप्त हो जाता है। शिवाजी अत्यन्त वीर है। सनातन धर्म की रक्षा के लिये ये अपने प्राणों की परवाह नहीं करते। ये हिन्दुओं के एक सूत्र में आबद्ध न होने दुखी रहते थे। शिवाजी साम्राज्य के लोभी नहीं; अपितु हिन्दू राजाओं को एकता के सूत्र में आबद्ध करके मुगलों को भगाने की आकाङ्क्षा रखते थे। ये किसी भी स्थिति में मुगलों से सन्धि नही करना चाहते थे।

शिवाजी राजनीति में दक्ष थे। ये दुष्टों के साथ दुष्टता का व्यवहार करने में रञ्चमात्र भी सङ्कोच नहीं करते थे। उनके शासन में प्रत्येक व्यक्ति स्वयं को राष्ट्र के प्रति समर्पित मानता था।

शिवाजी के शासनकाल में मुनियों के आश्रमों में बालकों को ज्ञान विज्ञान की शिक्षा के साथ ही अस्त्रशस्त्र का शिक्षा एवं राजनैतिक शिक्षा भी दी जाती थी। आश्रमों की पर्णकुटीरों के छप्परों में छिपाकर अस्त्र–शस्त्र रखे जाते थे। इनका उपयोग सङ्कटकाल में किया जाता था।

शिवाजी के कर्मचारी बडे निष्ठावान् थे। वे शिवाजी को ईश्वर (शिव) का अवतार मानते थे। इसी के अनुपालन में गौरसिंह (वटु) संन्यासी वेश में जाकर किले के द्वारपाल की परीक्षा लेता है। रघुवीरसिंह आँधी तूफान की परवाह न करते हुए आवश्यक सूचना लेकर तोरणदुर्ग पहुँचता है। इसका आशय यह है कि शिवाजी एक कुशल राजनीतिज्ञ थे। अतएव शत्रु की सेना शिवाजी की वीरता एवं शिवसैनिकों की निर्भीकता एवं रणकौशल से सदैव भयाक्रान्त रहती थी। कुछ पंक्तियों से इसकी झलक देखी जा सकती है।

3 रघुवीर सिंह– शिवराजविजय में इस पात्र का चित्रण शिवाजी के विश्वस्त गुप्तचर के रूप में हुआ है। रघुवीरसिंह के चातुर्यपूर्ण कौशल से तोरणदुर्ग का अध्यक्ष आश्चर्यचकित हो जाता है। शिवाजी के आदेश का पालन करने के लिये वह विविध मार्ग कष्टों को सहते हुए दुर्ग के द्वार बंद होने से पूर्व ही वहाँ पहुँच जाता है। जब दुर्गाध्यक्ष उससे पूछते हैं कि इतने कम समय में कैसे यहाँ तक पहुँचे तो वह कहता है कि– 'स्वामी का ऐसा ही आदेश था।' आशय यह है कि रघुवीर सिंह यद्यपि शिवाजी का सेवक था, तथापि वह प्राणों की परवाह न करते हुए आदेशपालन में तत्पर था। सौवर्णी का संगीत सुनकर वह थोड़ा उद्वेलित होता है, किन्तु शीघ्र ही मन पर अधिकार कर लेता हैं। जब मन्दिर का पुजारी सौवर्णी की दी हुई माला और प्रसाद उसे भेंट करता है तब उसके प्रति उसका आकर्षण पुनः बढ़ता है; किन्तु शिष्टाचार वश वह वह माला पुनः सौवर्णी को भेट कर देता है।

4 गौरसिंह व श्यामसिंह – पं. अम्बिकादत्त व्यास ने शिवराजविजयम् में इनका वर्णन दो क्षत्रिय युवको के रूप में हुआ है। ये दोनों अपनी मातृभूमि से चलकर कोंकण प्रदेश पहुँचते हैं और अपनी युद्धकला से शिवाजी को चमत्कृत करते हैं। इनमें से गौरसिंह कन्या का अपहरण करने वाले युवक की हत्या कर देता है। और इसकी तलाशी लेता है और उसकी जेब से एक पत्र निकालता है जिससे अफजलखान की आगामी योजना का खुलासा होता है। गौरसिंह वेश बदलकर कभी गायक बनता है, तो कभी संन्यासी और कभी सैनिक बन जाता है। कभी वह गुप्तचर का वेश धारण करता है। वह अत्यन्त निर्भीक होकर शत्रु के शिविर में अकेले ही प्रवेश कर जाता है। वहाँ का भेद ज्ञात करता है। वह शत्रु के शिविर में भी अपने स्वामी के पराक्रम का गान करता है. जिससे अफजलखान स्तब्ध रह जाता है।

वह संन्यासी बनकर दुर्ग के द्वारपाल की परीक्षा लेता है। यही नहीं वह महाव्रतियों के आश्रम की व्यवस्था करके पुण्य अर्जित करता है। अपने स्वामी

शिवाजी का अनुकरण उसकी छाया की भाँति करता है। सौवर्णी और देव शर्मा नामक पुरोहित को देखकर जो बाते कहता हैः वह मनमानस को उद्वेलित कर देता है।

इसी प्रकार श्यामसिंह नामक पात्र भी छाया की तरह उसका अनुगमन करता है और हर क्रियाकलाप में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता है।

5. अफजलखान– इस गद्यकाव्य का प्रतिनायक अफजलखान है । जिसे शाहजहाँ ने शिवाजी पर विजय प्राप्त करने के लिये भेजा है। यद्यपि वह शिवाजी को जीवित अवस्था में पकड़ने की प्रतिज्ञा (प्रण) ले चुका है; तथापि वह अत्यन्त विलासी और लम्पट है। इसी विलासिता के कारण वह मारा जाता है। वह यवन संस्कृति को आगे बढ़ाता है। पं. अम्बिकादत्त व्यास जी ने उसे विलासी, अदूरदर्शी, आत्मप्रशंसक और राजनीति में अकुशल दर्शाया है। तानरंग बने गौरसिंह को वह अपनी योजना बता देता है, फलतः वह छल से मारा जाता है। उसके लम्पट चरित्र की झाँकी इन पंक्तियों में दर्शनीय है।

''अद्यनृत्यम्, अद्य गानम् अद्य लास्यम्, अद्य मद्यम्, अद्य वाराङ्गनां भ्रूकुंसकः अद्य वीणावादनम्, इति स्वच्छन्दैरुच्छृखलाचरणैः दिनानि गमयति।''

संक्षेपतः यह कहा जा सकता है कि पं. अम्बिकादत्त व्यास जी नें अपने गद्यकाव्य 'शिवराज विजयम्' के पात्रों का जैसा सजीव और हृदयग्राही चित्रण किया है; वह उन्हें कुशल साहित्य शिल्पी के रूप में स्थापित करती है।

8.15 शिवराजविजयः का कथासार–

इस ऐतिहासिक गद्यकाव्य की कथावस्तु तीन विरामों में विभक्त है। प्रथम विराम में चार निःश्वास है। जिनमें प्रथम विराम के प्रथम निःश्वास का प्रारम्भ श्रीमद्भागवत से उद्धृत दो श्लोको के मङ्गलाचरण से होता है। इस मङ्गलाचरण द्वारा भावी कथावस्तु की सूचना मिलती है; जिसमें भगवान् विष्णु की भगवतीमाया का वर्णन करते हुए कवि ने भविष्य में होने वाले शत्रुबध की

सूचना दी है। इसके साथ ही यवन युवक द्वारा अपहृत ब्राह्मणकन्या के विषय में बताकर तत्कालीन सामाजिक स्थिति की सूचना भी दी है।

कथानक प्रथम दृश्य में प्रातः काल सोकर उठे गौरसिंह के द्वारा भगवान सूर्य का वर्णन करते हुए गुरुसेवा हेतु पुष्पचयन का चित्रण है। इसके पश्चात् दूसरे दृश्य में उसके सहाध्यायी श्यामसिंह द्वारा उसे पुष्पचयन से रोका जाता है; क्योंकि उसने गौरसिंह के जागने से पहले ही उठकर पुष्पावचय कर लिया था।

इस प्रथम निःश्वास की कथा में ही उस आश्रम के एक कोने में स्थित पर्वतशिखर से उतरते हुए योगिराज का वर्णन है; जो सम्भवतः उस पर्वत की उपत्यका में दीर्घकाल से समाधि लगाये बैठे थे। इन अज्ञात योगिराज ने 'कब समाधि ली थी'; 'ये कौन थे'– इस विषय में सबमें कूतूहल था। बीच–बीच में आस–पास के निवासी जाकर उनका दर्शन पूजन कर आते थे। समाधि से उठने पर वे पर्वत से नीचे की ओर उतर कर आते हैं और इन ब्रह्मचारियों के गुरु के आश्रम में जाकर तत्कालीन समाज की दशा के विषय में पूछते हैं। इसी मध्य एक बालिका का करुण क्रन्द्रन सुनकर वे उसके वृत्तान्त को जानने की इच्छा प्रकट करते हैं। तब ब्रह्मचारियों के गुरु उस के आश्रम तक आने के वृत्तान्त को उन्हें सुनाते हैः जिससे वे क्षुब्ध हो उठते हैं।

ये अज्ञात योगिराज वस्तुतः विक्रमादित्य के शासनकाल में समाधिस्थ हुए थे। अब शिवाजी के शासनकाल में समाधि से उठे थे। ये उस समय व्याप्त यवनों के दुराचार और धर्मविध्वंसक वृत्तान्त को सुनकर बहुत दुखी होते है। ब्रह्मचारिगुरु के पूछने पर महाराज शिवाजी के विजयी होने की भविष्यवाणी करके पुनः योगसमाधि लगाने अपनी कन्दरा में चले जाते हैं।

योगिराज को देखने के लिए आये हुए अपरिचित व्यक्तियों के चले जाने पर मुनि जैसे ही गौरवटु को बुलाकर अफजलखान के विषय में कुछ पूछना चाहते हैं; वैसे ही आश्रम के एक कोने से किसी के पैरों की आहट सुनायी देती

है। इसके पश्चात् एक ऊँचे शिलाखण्ड पर चढकर देखने पर आश्रम की गृहवाटिका के झुरमुट में केले के दो तीन वृक्ष हिलते दिखायी देते हैं। तब ब्रह्मचारिगुरु संशयापन्न स्थल पर गौरवटु के साथ हथियार लेकर जाते हैं; वहाँ गौरसिंह का वहाँ छुपे यवनयुवक से पहले ओजस्वी वाद–विवाद होता है। तत्पश्चात् दोनों में खड्गयुद्ध होता हैं; जिसमें यवनयुवक मारा जाता है। उसके मरने के बाद गुरु का सङ्केत पाकर एक सेवक उस यवनयुवक के कपड़ो की तलाशी लेता है। जिसे लेकर ये दोनों आश्रम की कुटी में प्रवेश करते हैं। ब्रह्मचारिगुरु गौरवटु को शाबाशी देते हैं। प्रथम निःश्वास की कथा यहीं समाप्त हो जाती है।

बोधप्रश्न

1. गद्यसाहित्य का आधुनिक काल कब से प्रारम्भ होता है?
2. पं. अम्बिकादत्त व्यास के पिता का क्या नाम था?
3. घटिकाशतक की उपाधि किसे प्राप्त हुई थी ?
4. पं. अम्बिकादत्त व्यास जी का जन्म कब हुआ था ?
5. पं. अम्बिकादत्त व्यास की कर्मभूमि कौन सी थी ?
6. पं. अम्बिकादत्त व्यास जी का जन्म कहाँ हुआ था?
7. व्यास जी के पूर्वज कहाँ के निवासी थे ?
8. व्यास जी का स्वर्गवास किस सन् में हुआ था?
9. व्यास जी की अन्य प्रमुख रचनायें कौन सी हैं ?
10. व्यास जी ने शिवराज विजय में शिवाजी के शासनकाल के कितने वर्षों की घटनाओं को चित्रित किया था ?

ईकाई–9

संस्कृत गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद एवं संस्कृत व्याख्या

9.1 प्रस्तावना

9.2 उद्देश्य

9.3 संस्कृत गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद एवं संस्कृत व्याख्या (विष्णोर्माया– भगवती0 से आर्यवंश्याश्चाभिमन्यामहे) तक।

9.4 बोध प्रश्न

9.1. प्रस्तावना–

आधुनिक संस्कृत गद्य 'साहित्य का सामान्य परिचय एवं गद्यकार पं. अम्बिकादत्त व्यास के व्यक्तित्व और कृतित्व के परिचय के उपरान्त प्रथम निःश्वास के प्रारंभिक अंशों का हिन्दी अनुवाद एवं संस्कृत व्याख्या का अध्ययन प्रस्तावित है। विद्यार्थियों के संस्कृत ज्ञान के लिये इसका ज्ञान अनिवार्य है।

9.2 उद्देश्य –

1. छात्र संस्कृत से हिन्दी अनुवाद सीख सकेंगे।

2. संस्कृत शब्दों के ज्ञानकोश में वृद्धि होगी।

3. संस्कृत गद्यांशों की साहित्यिक परम्परा के अनुसार संस्कृत में व्याख्या का ज्ञान होगा।

9.3 'शिवराजविजय के प्रारम्भिक गद्यांशों का हिन्दी में अनुवाद एवं संस्कृत में व्याख्या (विष्णोर्भगवती. से आर्यवंश्याभिमन्यामहे' पर्यन्त)

शिवराजविजयः (प्रथमो निःश्वास)

(शिवराजविजय, प्रथम निःश्वास)

''विष्णोर्माया भगवती यया सम्मोहितम् जगत्। ''

(भागवतम् – 10./1 /25

''हिंस्रः स्वपापेन विहिंसितः खलः साधुः समत्वेन भयाद्विमुच्यते।''

भागवतम् – 10/6. 31

संस्कृत व्याख्या – सरस्वत्याः वरद पुत्रः कविवरःअम्बिकादत्त व्यासमहोदयः वीररसान्वित गद्यकाव्यं कर्तुम् इच्छन् शिष्टाचारपरम्परायाः निर्वाहार्थम् प्रारिप्सित विघ्नापहारफलदं इदानीं वेदव्यासेन श्रीमद्भागवते उक्तम् 'विष्णोर्माया' इति वचनम् उपस्थापयति। निखिलं जगत् यथा सत्वप्रधानया मायाशक्त्या मोहाविष्टं वर्तते सा भगवतः विष्णोः माया षड्विधैश्वर्यसम्पन्ना इत्युक्तम् अनेन श्लोकार्धेन। विष्णोः– जगत् व्यापी श्रीनारायणस्य माया इति शब्देन ख्याता सत्वप्रधाना शक्तिः भगवती – ऐश्वर्यशालिनी अशेषगुणसमन्विता 'वर्तते' इति शेषः। यथा जगत्– भुवनम् सम्मोहितम सम्यक्तया मोहितम् अर्थात् चारुतया मोहेन वशीकृतम्। अतः सुष्ठूक्तम – ऐश्वर्स्य समग्रस्य धर्मस्य यशसः श्रियः। ज्ञानवैराग्योश्चैव षण्णाभग इतीरिणा।। (श्रीमद्भा. 10 /1/25)

संस्कृत व्याख्या – हिंस्रः हिंस्राचरणयुक्तः खलः– दुर्जनः स्वपापेन–स्वेनपातकेन बिहिंसितः– विशेषेण घातितः, साधुः साधुजनाः समत्वेन रागद्वेषादिरहितत्वेन समत्वभावनया भयाद्–भीतेः विमुच्यते– विशेषेण मुच्यते अर्थात् मुक्तिः अधिगम्यते।

अत्र सज्जनः स्वकीयेन सत्कर्मणा अपगतभयो भवतीति आशयः। एवं हिंसकजनः स्वकीयेन पापकर्मणा विनश्यति सज्जनश्च स्वसमत्वबुद्ध्या निर्भयो भवति इति आशयो अत्र अस्ति।। अत्र समग्रश्लोकमिदमस्ति –

अहो बताद्भुतमेष रक्षसा बालो निवृत्तिं गमितोऽभ्यगात् पुंसः।

हिंस्रः स्वपापेन विहिसितः खलः साधुः समत्वेन भयाद् विमुच्यते।।

(भागवतम् 10/6/31)

अन्वयः– विष्णोः माया भगवती यया जगत् सम्मोहितम्।

हिन्दी अनुवाद – (भगवान्) विष्णु की (सत्वप्रधान) मायाशक्ति ऐश्वर्यशालिनी है; जिससे (अखिल) विश्व सम्यग्रूप से मोहित किया गया है।

शिवराजविजयः – हिंस्रः स्वपापेन विहिंसितः खलः साधुः समत्वेन भयाद्विमुच्यते।

अन्वय– हिंस्रः खलः स्ववापेन विहिंसितः साधुः समत्वेन भयाद् विमुच्यते।

हिन्दी अनुवाद– दुष्ट हिंसक अपने पाप के कारण मारा गया (और) साधुजन अपने समत्व (बुद्धि) के कारण भय से मुक्त हो गये।

विशेष– पूर्वोक्त पंक्तियाँ श्रीमद्भागवत के दशम स्कन्ध के प्रथम अध्याय के पचीसवें श्लोक का अर्धांश हैं। एवं द्वितीय श्लोकार्ध भी श्रीमद्भागवत के दशम स्कन्ध के छठें अध्याय के इकतीसवें श्लोक से उद्धृत है। इन पङ्क्तियों को पं. अम्बिकादत्त व्यास ने मङ्लाचरण के रूप में ग्रंथ के प्रारम्भ में उद्धृत किया है। वस्तुतः इसे वस्तुनिर्देशात्मक मङ्गलाचरण माना जा सकता है। श्लोक की प्रथम पङ्क्ति (विष्णोर्माया0) भगवान् विष्णु की माया की ऐश्वर्यशालिता एवं सर्वव्यापकता की सूचक है। ग्रंथ के प्रारम्भ में 'विष्णु' शब्द का प्रयोग मङ्गल का वाचक भी है।

मङ्गलाचरण में प्रयुक्त द्वितीय सूक्ति (श्लोकार्ध) (''हिंस्रः स्वपापेन'') बालश्रीकृष्ण द्वारा चक्रवात का रूपधारण करके आये हुए तृणावर्त नामक असुर के विनाश के पश्चात् नन्दराज एवं गोपसमूह के मुखारविन्द से उच्चरित हुआ है। यह श्लोकार्ध भविष्य में होने वाली शिवाजी जी की विजय और मुगलशासक के विनाश को सूचित करता है। अतः इसे वस्तुनिर्देशात्मक नांदी कहा जा सकता है। नान्दी का लक्षण है – ''आशीर्नमस्क्रिया वस्तुनिर्देशोवापि तन्मुखम्।'

शिवराजविजयः– अरुण एष प्रकाशः पूर्वस्यां भगवतो मरीचिमालिनः। एषः भगवान् मणिराकाशमण्डलस्य, चक्रवर्ती खेचरचक्रस्य, कुण्डलमाखण्डलदिशः दीपको ब्रह्माण्डभाण्डस्य, प्रेयान् पुण्डरीकपटलस्य, शोकविमोकः कोकलोकस्य,अवलम्बो रोलम्बकदम्बस्य, सूत्रधारः सर्वव्यवहारस्य, इनश्च दिनस्य। अयमेव अहोरात्रं जनयति, अयमेव वत्सरं द्वादशषु भागेषु विभनक्ति, अयमेव कारणं षण्णामृतूनाम्, एष एवाङ्गीकरोति उत्तरं दक्षिणं चायनम्, एतेनैव सम्पादिता युगभेदाः, एतेनैव कृताः कल्पभेदः, एनमेवाश्रित्य भवति परमेष्ठिनः परार्द्धसंख्या, असावेव चकर्ति, बिभर्ति, जहर्ति च जगत्, वेदा एतस्यैव वन्दिनः, गायत्री अमुमेव गायति, ब्रह्मनिष्ठाः ब्राह्मणाः अमुमेवाहरहः उपतिष्ठन्ते। धन्य एव कुलमूलं श्रीरामचन्द्रस्य, प्रणम्य एषः गुरुसेवनपटुर्विप्रवटुः।

हिन्दी रूपान्तर– वही सन्देहास्पद स्थान है– ऐसा अँगुली से निर्देश (इशारा) करके, कुटी की छप्पर की ओरी (वलीक) में छिपाकर रखी गयी तलवारों में से एक को निकाल करके, खाली हाथ वाले मुनि से अनुगमन किया जाता हुआ, कपोल तक लटकते हुए नेत्रों का स्पर्श करते हुए, कुटिल (घुँघराले) केशों को बायें हाथ की अङ्गुलियों से हटाते हुए, मुनिवेश होने पर भी थोड़ा क्रोध से लाल नेत्रों वाले, हाथ में स्थित निष्ठुर कृपाण वाले, महादेव की आराधना की इच्छा से तपस्विवेष धारण करने वाले अर्जुन की भाँति, शान्त और वीर दो रसों से स्नान किये हुए (गौरसिंह) शीघ्र ही उसके निकट आया, और (वहां आकर उसने) लताओं की विस्तृत बेलों से वितान (चँदोवे) जैसे आकृति से आच्छादित केले के तीन स्तम्भों (वृक्षों) के मध्य नीले वस्त्रखण्ड से शिर को लपेटे हुए, हरे कञ्चुक (कुर्ते) वाले, श्याम (काले) वस्त्र से कटि प्रदेश को बाँधे हुए, चितकबरे अधोवस्त्र (लुन्गी) वाले, काकासन में बैठे हुए, केले के थाले में रखी हुई अधोमुख तलवार की मूँठ (मुट्ठी) पर दोनों हाथों को उल्टा करके रखे हुए, लहसुन की गन्ध से युक्त निःश्वासों वाले, केले के पत्तों को मलिन बनाते हुए, नवीन उगी हुई मूँछों की पङ्क्ति के बहाने, कन्या के अपहरण रूप कीचड़ के कलङ्कपङ्क से कलङ्कित मुख वाले, लगभग बीसवर्षीय यवनयुवक को देखा। तदनन्तर परस्पर नेत्रों के मिल जाने पर वह भी– ' मैं देख लिया गया'– सा निश्चय करके, उछल करके, कोश (म्यान) से तलवार (कृपाण) निकाल करके, युद्ध करने की इच्छा वाला होकर सामने खड़ा हो गया। तत्पश्चात् उन दोनों के मध्य परस्पर इस प्रकार से वार्तालाप प्रारम्भ हुआ।

विशेष – 1. इस गद्यांश में व्यास जी ने प्रसादगुण और ओजगुण तथा पाञ्चाली रीति का प्रयोग किया है।

2. इस वर्णन से यह ज्ञात होता है कि मध्यकाल में आवश्यकता पड़ने

पर आश्रमों में रहने वाले तपस्वी भी देश और धर्म की रक्षा के लिये हथियार उठाते थे।

शिवराजविजयः– गौरसिंहः– कुतोरेयवनकुलकलङ्क।

यवनयुवकः– आः। वयमपि कुत इति प्रष्टव्याः भारतीयकन्दरिकन्दरेष्वपि वयं विचरामः, शृङ्गलाङ्गूलविहीनानां हिन्दूपदव्यवहार्याणाञ्च युष्मादृक्षाणां पशूनामाखेटक्रीडया रमामहे।

गौरसिंह– (सक्रोधं विहस्य) वयमपि स्वाङ्कागतसत्त्ववृत्तयः शिवस्य गणाः अत्रैव निवसामः। तत्सुप्रभातमद्य, स्वयमेव त्वं दीर्घदावदहने पतङ्गायितोऽसि।

यवनयुवकः– अरे रे वाचाल। ह्यौ रात्रौ युस्मत्कुटीरे रुदतीं समायातां ब्राह्मणतनयां सपदि प्रयच्छत्, तत् कदाचिद् दयया जीवतोऽपि त्यजेयम्, अन्यथा मदसिभुजङ्गिन्या दंष्टाः क्षणात् कथावशेषाः संवर्त्स्यथ। कलकलमेतमाकर्ण्य श्यामवटुरपि कन्यासमीपादुत्थाय दृष्ट्वा च हन्तुमेतं यवनवराकं पर्याप्तोऽयं गौरसिंहः इति मा स्म गमदन्योऽपि कश्चित् कन्यकामपजिहीर्षुरिति वलीकादेकविकटखड्गमाकृष्य त्सरौ गृहीत्वा कन्यकां रक्षन् तदध्युषितकुटीरनिकट एव तस्थौ। गौरसिंहस्तु 'कुटीरान्तः कन्यकाऽस्ति, सा च यवनवधव्यसनिनि मयि जीवति न शक्या द्रष्टुमपि, किं नाम स्प्रष्टुम् ? तद् याक्तव कवोष्णशोणिततृषित एष चन्द्रहासो न चलति, तावत् कूर्दन वा उत्फालं वा यच्चिकीर्षसि तद्विधेहि'' इत्युक्त्वा व्यालीढमर्यादया सज्जः समतिष्ठत।

संस्कृतव्याख्या– गद्यखण्डेऽस्मिन् कविना गौरसिंहयवनयुवकयोर्मध्ये वादविवादं प्रादर्शयत्–

गौरसिंहः– रे यवनकुलकलङ्क! हे यवनवंशकलङ्कभूत! कुतः– अत्र कस्मात् स्थानात् समागतोऽसि?

यवनयुवकः– आः– इति खेदे, वयमपि– यवना अपि, कुतः– कुत्रत्यः, इति– एवं प्रकारेण, प्रष्टव्याः– प्रश्नस्य विषयाः सन्ति किम्?

भारतीयकन्दरिकन्दरेष्वपि– भारतवर्षीय शैलगह्वरेषु अपि, वयम्– यवनाः, विचरामः– पर्यटनं कुर्मः। शृङ्गलाङ्गूलविहीनानाम्– विषाणपुच्छहीनानाम्, हिन्दू–पदव्यवहार्याणाम्– हिन्दूपदवाच्यानाम्, च – पुनः, युष्मादृक्षाणाम्– भवत् तुल्यानाम्, पशूनाम्– चतुष्पदानाम्, आखेटक्रीडया– मृगयाखेलया, रमामहे– मनोरञ्जनं विदधामः।

गौरसिंहः– (सक्रोधं विहस्य–हासं विधाय) वयमपि– आश्रमनिवासिनः हिन्दवोऽपि, स्वाङ्कात्सत्ववृत्तयः– निजाङ्कक्रीडागतप्राणिवृत्तयः, शिवस्य–शङ्करस्य, गणाः– रुद्रादयः, अत्रैव– इहैव, निवासं कुर्मः। तत्– तस्माद्धेतोः, सुप्रभातमद्य–सुदिवसोऽद्य, स्वयमेव– आत्मनैव, त्वम्–यवन बालकः, दीर्घदावदहने–तीव्रदावानले, पतङ्गायितोऽसि– पतङ्गमिव समाचरसि। यवनयुवकः– अरे रे वाचाल! हे बहुवाचाल!, ह्यः– रात्रौ विगतायाम् रजन्याम्, युष्मत्– कुटीरे–भवदुटजे, रुदतीम्– विलपन्तीम्, समायाताम्– आगतवतीम्, ब्राह्मणतनयाम्–विप्रसुताम्, सपदि– शीघ्रम्, प्रयच्छत– दत्थ, तत्कदाचित्– तदा केनापि प्रकारेण, दयया– कृपया, जीवतोऽपि– अमृतोऽपि– त्यजेयम्– मुञ्चेयम्, अन्यथा, मदसिभुजङ्गिन्या– मत्करवालसर्पिण्या, दंष्टाः– संदष्टाः, क्षणात्– मुहूर्तानन्तरम्, कथावशेषाः– नाममात्रावशेषाः, संवत्स्यथ– वर्तिष्यध्वे। एतम् कलकलम्– एतद् कोलाहलम्, आकर्ण्य– श्रुत्वा, श्यामबटुरपि– कृष्णब्रह्मचारिणमपि, कन्यासमीपादुत्थाय– बालिकासमीपाद् उत्थाय, दृष्ट्वाअवलोक्य च, एवम्–अमुम्, यवनवराकम्– म्लेच्छवराकम्, अयं गौरसिंहः– एष गौरसिंहः, पर्याप्तः–समर्थः अलम् वा इति, अन्योऽपि– इतरोऽपि, कश्चित् कन्यकां– बालिकाम्, अपजिहीर्षुः– अपहर्तुम् इच्छुः, मा स्म गमत्– नहि आगच्छेत्, इति– एवम्, विचिन्त्य, वलीकात्– पटलप्रान्तात्, एकम् विकटखड्गम्– एकम् भयंकरम् कृपाणम् आकृष्य, त्सरौ–मुष्टौ, गृहीत्वा– अवलम्बय, कन्यकां– बालिकाम्, रक्षन्– संरक्षन्, तदध्युषितकुटीरसन्निकटे– तस्या सनाथवति कुटीरसमीपे, एव–हि, तस्थौ– स्थितः। गौरसिंहस्तु– एतन्नामको ब्रह्मचारी तु, कुटीरान्तः–

पर्णशालमभ्यन्तरम्, कन्यकाऽस्ति–बालिका विद्यते, सा च– बालिका च, यवनवधव्यसननि – म्लेच्छहननरसिके, मयि– गौरसिंहे, जीवति–जीविते सति, न शक्या–न क्षमा, द्रुष्टुमपि– अवलोकयितुमपि, किम् नाम– का चर्चा, स्प्रष्ट्रुम्– स्पर्शम् कर्तुम्? तत्– तस्मात्, यावत्– यावत् कालपर्यन्तम्, तव– यवनयुवकस्य, कवोष्णशोणित– तृषितः कदुष्णरक्तपिपासितः, एषः– अयम् करस्थ इति भावः, चन्द्रहासो न चलति– खड्गो न पतति, तावत्– तावत्कालपर्यन्तम्, कूर्दनम्– उत्पतनम्, वा– अथवा, उत्फालं– उद्योगं वा, यच्चिकीर्षति– यदिच्छसि, तद् विधेहि– तत्कुरु; इति– एवम्प्रकारेण, उक्त्वा– अभिधाय, व्यालीढमर्यादया– युद्धावसान विशेषमर्यादया, सज्जः– उद्यतः सन्, समतिष्ठत्– स्थितवान्।

हिन्दी रूपान्तर– गौरसिंह– अरे यवन कुल के कलङ्कभूत! कहाँ से (आ रहे हो)? यवनयुवक– अरे हम (यवन) कहाँ से आये, यह भी क्या पूछने की बात है? भारत की पर्वतकन्दराओं में हम भी विचरण करते हैं और सींग और पूँछ से रहित हिन्दूशब्द से सम्बोधित किये जाने वाले तुम्हारे जैसे पशुओं की आखेट की क्रीडा से मनोरंजन करते हैं।

गौरसिंह– (क्रोध के साथ किंञ्चित् हँसकर) हम भी तो अपनी गोद में आये हुए को जीविका (आहार) बनाने वाले शिव गण हैं;यही निवास करते हैं, अतः आज का प्रभात अच्छा रहा, (जो) तुम स्वयं ही दीर्घदावानल में जलने के लिए पतङ्गे जैसा आचरण कर रहे हो।

यवनयुवक– अरे रे वाचाल ! कल रात्रि में तुम्हारी कुटिया में जो रोती हुई विप्रकन्या आयी थी, (उसे) शीघ्र ही दे दो, तो कदाचित् जीवित भी छोड़ दूँगा, अन्यथा मेरी तलवार रूपी सर्पिणी से डसे जाकर क्षणमात्र में कथामात्र रूप में शेष रह जाओगे।

इस कोलाहल को सुन कर श्यामबटु भी कन्या के समीप से उठकर और देखकर इस बेचारे यवन को मारने के लिए यह गौरसिंह पर्याप्त है, अतएव कोई दूसरा (भी) कन्या के अपहरण का इच्छुक न आ जाय– ऐसा (सोचकर)

कुटी के प्रान्त से एक भयङ्कर खड्ग निकालकर मुट्ठी में पकड़कर कन्या की रक्षा करता हुआ, उसके निवास से युक्त कुटी के समीप ही खड़ा हो गया। जबकि गौरसिंह ने ''कुटी के भीतर बालिका है और वह यवनवधव्यसनी मेरे जीवित रहते देखी भी नहीं जा सकती; छूने की तो बात ही क्या है? अतएव जब तक तुम्हारे दूषित रक्त की प्यासी यह तलवार नहीं चल रही है; तब तक चाहे कूदो या उछलो। जो चाहो सो करो''– ऐसा कहकर युद्धविज्ञान की पद्धति से तैयार होकर खड़ा हो गया।

विशेष – इस गद्यांश के 'पतङ्गायितोऽसि' वाक्यांश में लुप्तोपमालङ्कार एवं 'मदसिभुजिङ्गन्या' में रूपकालङ्कार है। यहाँ गौर सिंह के साहस शौर्य और विवेक का दर्शन होता है।

शिवराज विजयः–ततो गौरसिंहः दक्षिणान् वामांश्च परश्शतान् कृपाणमार्गानङ्गीकृतवतः दिनकरकरस्पर्शचतुर्गुणीकृतचाकचक्यैः, चञ्चच्चन्द्रहासचमत्कारैश्चक्षूंषि मुष्णतः, यवनयुवकहतकस्य, केनाप्युपलक्षितोद्योगः, अकस्मादेव स्वामिना कलितखेदसञ्जातस्वेदजलजालम्, विशिथिलकचकुलमालं, भग्नभ्रूभयानकभालं शिरश्चिच्छेद।

अथ मुनरपि दाडिमकुसुमास्तरणाच्छन्नायामिव गाढरुधिरदिग्धायां ज्वलदङ्गारचितायां चितायामिव वसुधायां शयानं वियुज्यमानभारतभुवमालिङ्गन्तमिव, निर्जीवीभवदङ्गबन्धचालनपरं शोणितसङ्घातव्याजेनान्तः करणस्थितरजोराशिमिवोद्गरन्तं कलितसायन्तनघनाडम्बरविभ्रमं, सततताम्रचूडभक्षणपातकेनेव ताम्रीकृतं छिन्नकन्धरं यवनहतकमवलोक्य सहर्षं साधुवादं सरोमोद्गमं च गौरसिंहमाश्लिष्य भ्रूभङ्गमात्राज्ञप्तेन भृत्येन मृतककञ्चुककटिबन्धोष्णीषादिकं अन्विष्यानीतम् पत्रमेकमादाय सगणः स्वकुटीरं प्रविवेश।

संस्कृतव्याख्या– अस्मिन् गद्यखण्डे कविना तपस्विजनानां वीरता, युद्धनैपुण्यं–राजनीतिविशारदतीं च वर्णितवान् – ततः– तदनन्तरम्, गौरसिंहः

गौरब्रह्मचारी, दक्षिणान्– सव्यान्, वामांश्च– सव्येतरांश्च, परश्शतान्– शताधिकान्, कृपाणमार्गान्– खड्गयुद्धरीतीः, अङ्गीकृतवतः– स्वीकृतवतः, दिनकरस्पर्श– चतुर्गुणीकृतचाकचक्यैः– सूर्यकिरणस्पर्शेन चतुर्गुणीकृतं चाकचक्यैः – प्रतिभासविशेषैः चञ्चचच्चन्द्रहासचमत्कारैः– सञ्चरः चन्द्रहासस्य चमत्कारैः, चक्षूंषि– नयनानि, मुष्णतः– चोरयतः, यवनयुवकहतकस्य– म्लेच्छयुवकदुष्टस्य, केनाप्युपलक्षितोद्योगः– केनाप्यज्ञातप्रयासः, अकस्मादेव– सहसैव, स्वासिना– स्वस्य चन्द्रहासेन, कलितक्लेदसञ्जातस्वेदजालम्– कलितेन क्लेदेन समुत्पन्नस्य घर्मजालसमूहम्, विशिथिलकचकुलमालम्– परिभ्रष्टाः कचानां केशानांवा कुलस्य मालम् पङ्क्तिम् यस्यतम्, भग्नभ्रूभयानकभालम्– भग्नया छिन्नेन भ्रुवा भयानकं भीषणं भालम्– पङ्क्तिंवा, शिरः– मस्तकं, चिच्छेद– कर्तयामास।

अथ– एतदनन्तरम्, मुनिरपि– ब्रह्मचारिगुरुरपि, दाडिमकुसुमास्तरणाच्छन्नायामिव– दाडिमस्य कुसुमानां प्रसूनानां विष्टरयुक्तायामिव, गाढरुधिरदिग्धायाम्– घनीभूतरुधिरैः लिप्तायाम्, ज्वलदङ्गारचितायाम् प्रज्वलत्स्फुल्लिङ्गव्याप्तायाम्, चितायाम्– शवदाहनस्य साधनभूतायाम् इव, वसुधायाम्– पृथिव्याम्, शयानं– शयनं कुर्वन्तम्, वियुज्यमान– भारतभुवमालिङ्गन्तमिव– वियुज्यमानहिन्दुस्तानभूमिम्, आलिङ्गन्तमिव– आश्लिष्यन्तमिव, निर्जीवीभवदङ्गबन्धचालनपरम्– निष्प्राणीभवताम्, अङ्गबन्धानां शरीरसन्धीनां सञ्चलनस्तम् शोणितसङ्घातव्याजेन– रुधिरव्रातच्छलेन, अन्तः– स्थितजोराशिम् आभ्यन्तरस्थितं रजोगुणनिवहम्, उद्गिरन्तमिव– उद्भवयुक्तमिव, कलितसायन्तनघनाडम्बरविभ्रमं– कलितः– धृतः, सायन्तनस्य– सायंकालीनस्य घनाडम्बरस्य– मेघबिडम्बनस्य, विभ्रमम्– विलासम्, सततताम्रचूडभक्षणपातकेन इव– सततम्– अनारतम् यत् ताम्रचूडस्य 'मुर्गा' इत्याख्य पक्षिणः तस्य भक्षणस्य पापेन इव, ताम्रीकृतम्– रक्तवर्णीकृतम्, छिन्नकन्धरम्, छिन्नग्रीवम्, यवनहतकम् तुरुष्कदुष्टम्, अवलोक्य– दृष्टवा, सहर्षम्– सानन्दम्, ससाधुवादम्– साधुवादेन सहितम्, सरोमोदगमम्– रोमाञ्चेनसहितम् च गौरसिंहम्– म्लेच्छनाशकं गौरवटुम्,

आश्लिष्य– समालिङ्ग्य, भ्रूभङ्गमात्राज्ञप्तेन– भ्रूसङ्केतमात्रेण आदिष्टेन, भृत्येन– अनुचरेण, मृतककञ्चुककटिबन्धोष्णीषादिकमन्विष्य– अपगतासु यवनयुकस्य अङ्गरक्षककञ्चुकम्, कटिबन्धम्– जघनपट्टिकाम् उष्णीषादिकं– शिरोवेष्टनादिकञ्च, अन्विष्य– अन्वेषणंकृत्वा, आसादितम् आनीतम् वा, एकम्– अन्यतमम्, पत्रम्–लेखम्, आदाय– गृहीत्वा, सगणः– ससमूहः, स्वकुटीरम्– स्वस्यपर्णशालाम्, प्रविवेष–प्रविष्टः।

हिन्दीरूपान्तर– तदनन्तर गौरसिंह ने दाहिने और बायें सैकड़ों कृपाणमार्ग को अङ्गीकार करने वाले, सूर्य की किरणों के स्पर्श से चौगुनी किये गये चाकचक्य (चकाचौंध) वाले, चलते हुए चन्द्रहास के चमत्कार से नेत्रों को चौंधियाते हुए, किसी के द्वारा न देखे गये उद्योग वाले, अपने खड्ग से सहसा ही श्रम के कारण उत्पन्न पसीनें की बूँदों से व्याप्त, बिखरे हुए केश समूह वाले भौहों के कट जाने से भयानक मस्तक वाले, दुष्ट यवनयुवक के शिर को काट दिया।

इसके पश्चात् मुनि ने भी मानों अनार के पुष्पों की चादर से व्याप्त, प्रगाढ़रक्त से सनी हुई, जलते हुए अङ्गारों से व्याप्त चिता की भाँति पृथ्वी पर सोते हुए और वियुक्त होती हुई भारतभूमि का मानों आलिङ्गन करते हुए से निर्जीव होते हुए अङ्गबन्धों को हिलाते हुए, रक्तसमूह के बहाने अन्तःकरण में संस्थित रजोराशि को उगलते हुए से, सांयकालीन मेघों के आडम्बर का भ्रम उत्पन्न करने वाले, मानों निरन्तर मुर्गा खाने से रक्तवर्ण किये गये और कटे हुए शिर (गर्दन) वाले, दुष्ट यवनयुवक को देखकर हर्षपूर्वक और साधुवाद देते हुए, रोमाञ्च से युक्त होकर गौरसिंह का आलिङ्गन करके, भ्रूसङ्केत मात्र से आदिष्ट सेवक के द्वारा मारे गये यवनयुवक के कुर्ते, कटिबन्ध तथा पगड़ी आदि को खोजकर लाये गये एक पात्र को लेकर, स्वजनों सहित अपनी कुटी में प्रवेश किया।

विशेष – 1. इस गद्यांश 'चतुर्गुणितचाकचिक्यैः' तथा 'चञ्चत्

चन्द्रहासचमत्कारैः' आदि स्थलों पर अनुप्रास की छटा दर्शनीय है। एवं 'दाडिमकुसुमास्तरणाच्छन्नामिव' में उत्प्रेक्षालङ्कार है। 'ज्वलदङ्गारचितायां' में यमकालङ्कार का प्रयोग भी दर्शनीय है।

2. इस गद्यांश में चूर्णक शैली का गद्य प्रयुक्त है – 'तुर्यं चाल्पसमासकम्'।

3. यहाँ प्रसादगुण और वैदर्भीरीति का प्रयोग है।

4. इस गद्यखण्ड में तपस्वी की वीरता और राजनैतिक निपुणता का सुन्दर वर्णन है।

बोध प्रश्न

1. ब्राह्मणबालिका के अपहरणकर्ता का क्या नाम था?

2. गौरसिंह ने यवनों से कितने ब्राह्मणबालकों को मुक्त कराया था?

3. यवन युवक का किस ब्रह्मचारी से वादविवाद हुआ था ?

4. बीजापुर के दूत का क्या नाम था?

5. ब्रह्मचारी गुरु ने योगिराज से क्या पूछा था ?

❑❑❑

इकाई–11 शिवराजविजयम्

(प्रथम निःश्वास)

शिवराजविजयम् से सम्बन्धित आलोचनात्मक प्रश्न

इकाई की रूपरेखा

11.0 –प्रस्तावना

11.1– उद्देश्य

11.2– शिवराजविजय का संक्षिप्त परिचय

11.3– आधुनिकयुगीन गद्यकाव्य के प्रणेता कवियों की समीक्षा

11.3.1– विश्वेश्वर पाण्डे

11.3.2 –हृषीकेश भट्टाचार्य

11.3.3 –पं. अम्बिकादत्त व्यास

11.3.4 –पण्डिताक्षमाराव इत्यादि कवियों के योगदान का परिचय

11.4.1 गद्यकाव्य के भेदों का उल्लेख एवं शिवराजविजय की विधा

11.4.1.1– कथा

11.4.1.2– आख्यायिका

11. 4.1.3– कथा और आख्यायिका का अंतर

11.5.1.– शिवराजविजय का कथासार

11.6.1 गद्यकाव्य के सामान्य भेद

11. 6. 1 चम्पूकाव्य

11.6. 2 विरुदकाव्य

11. 6.3– करम्भक काव्य

11.6. 4–गद्यकाव्य के भेदों की संक्षिप्त रूपरेखा एवं समीक्षा

11. 7.1 अलङ्कृत गद्यकाव्य परम्परा में शिवराजविजय का मूल्याङ्कन

11. 1– पं. अम्बिकादत्तव्यास की काव्यकला

11.8.1 कथावस्तु

11.8.1–2 पात्रचित्रण

11.8.3– कथोपकथन या संवादयोजना

11.8. 1–4 देशकाल योजना

11.8.1–5 भाषा शैली

11.8.1.6 रसपरिपाक

11. 8. 1.7– अलङ्कारयोजना

11. 8.18– अन्य विशेषताएँ

11.8. 1. 9– निष्कर्ष

11.7– बोध प्रश्न

11.0 प्रस्तावना–

इस इकाई में शिवराजविजय' गद्य काव्य से सम्बन्धित कतिपय संभावित आलोचनात्मक प्रश्न और उनके उत्तर का अध्ययन किया जाना है। इस इकाई में प्रस्तुत प्रश्नों एवं उनके आलोचनात्मक उत्तरों के द्वारा आप सुगमता से यह समझ सकेंगें कि दीर्घ उत्तरों की योजना कैसे करनी चाहिए।

11.1 उद्देश्य–

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् विद्यार्थी आधुनिक गद्यकाव्य के प्रमुख ग्रंथों एवं रचनाकारों का संक्षिप्त परिचय प्राप्त कर सकेंगे।

शिवराजविजय पर आधारित आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर किस प्रकार देनें चाहिए यह समझ विकसित होगी।

1. संस्कृत गद्यकाव्य के भेद– प्रभेदों एवं उसके स्वरूप का अध्ययन कर

सकेंगे।

2. पं. अम्बिकादत्त व्यास की काव्यकला की प्रमुख विशेषताओं का परिचय प्राप्त करेंगे।

3. सम्पूर्ण शिवराजविजय को सरलता से हृदयङ्गम कर सकेंगे।

शिवराजविजयम् से सम्बन्धित आलोचनात्मक प्रश्न

11.2 'शिवराज विजय' का संक्षिप्त परिचय–

पं. अम्बिकादत्त व्यास कृत 'शिवराजविजय' ग्रंथ आधुनिक गद्यकाव्य का जाज्वल्यमान रत्न है। इसे कथा विधा में लिखा गया आधुनिक उपन्यास भी कहा जा सकता है। यह संस्कृत साहित्य के गद्यकाव्य का समसामयिक कथा को चित्रित करने वाला ऐतिहासिक उपन्यास है।बाणभट्ट के 'हर्षचरित' के बाद आधुनिक कालखण्ड में लिखा गया यह ग्रंथ लेखन क्षेत्र मे नवीन क्रांति जैसा है। वस्तुतः यह कथा और आख्यायिका का मिश्रित रूप कहा जा सकता है। पं. अम्बिकादत्त व्यास यद्यपि बाणभट्ट से प्रभावित थे; तथापि उन्होंने अपनी रचना में सर्वत्र नवीनता लाने का उद्योग किया है। इस दृष्टि से इस रचना का महत्त्व और भी बढ़ जाता है। ये आधुनिक लेखको को गद्यकाव्य लेखन में नवीन दृष्टि प्रदान करते है। जिससे यह सिद्ध होता है कि गद्यकाव्य केवल कल्पित कथाओं या राजाश्रित चरित्रो की कथा न होकर तत्कालीन समाज का दर्पण भी सिद्ध होता है।

शिवराजविजय' पर आधारित कतिपय लघुउत्तरीय प्रश्न परीक्षाओं में किये जाते हैं। जिनमें से कतिपय प्रश्नों के उत्तर निम्न है।

11.3 आधुनिक युगीन गद्यकाव्य के प्रणेता कवियों की समीक्षा करिये ?

उत्तर – संस्कृत गद्यकाव्य के आधुनिक युग का प्रारम्भ 16 वीं शताब्दी से होता है। पण्डितराज जगन्नाथ मध्ययुगीन गद्यसाहित्य के अंतिम कवि कहे

जा सकते है। इस आधुनिक युग के प्रमुख गद्यकारों का परिचय इस प्रकार है–

11.3. विश्वेश्वर पाण्डेय– आचार्य विश्वेश्वर पाण्डेय को आधुनिक युग का ख्यातिलब्ध साहित्यकार कहा जा सकता है। इन्होंने व्याकरण ,दर्शन एवं साहित्य की विविध विधाओं पर अपनी लेखनी का कौशल दिखाया है। 'मंदारमंजरी' को इनका ख्यातिलब्ध गद्यकाव्य कहा जा सकता है। आचार्य विश्वेशर पाण्डेय जी ने अपने इस गद्यकाव्य में अपने पूर्ववर्ती बाणभट्ट का अनुकरण किया है, तथापि मंदारमंजरी को इनका सर्वोत्कृष्ट काव्य माना जा सकता है। यह कादम्बरी की भाँति दो भागों में विभक्त गद्यपद्यमय रचना है इसका नायक चंद्रभानु है, एवं नायिका चंद्रकेतु और चंद्रलेखा के पुत्री मंदारवती है इस रचना में कथा के साथ ही उपकथा का प्रवाह भी चलता जाता है। इसके वर्णन बड़े ही मनोहारी है। यह आचार्य विश्वेश्वर की उदात्त और प्रौढ़ रचना है। इसका निर्माण वैदर्भीशैली में हुआ है। इसमें सुन्दर पदन्यासु अलङ्कारों का उचित प्रयोग, प्रकृतिवर्णन तथा तत्कालीन समाज का चित्रण प्राप्त होता है। आगामी संस्कृत गद्यकाव्य इस ग्रंथ से अपना पाथेयग्रहण करते हैं।

11.3.2– हृषीकेश भट्टाचार्य– इन्होंने 'प्रबन्धमंजरी' की रचना करके गद्यकाव्यमाला में एक अप्रतिम पुष्प संयोजित किया है। यह 11 निबन्धों का संग्रहग्रन्थ है, जो वैदर्भीशैली में लिखे गये हैं। इस ग्रंथ की भाषा ओजोमयी एवं प्रवाहपूर्ण है। यद्यपि इस ग्रंथ में दीर्घसामासिकपदों का प्रयोग हुआ है, तथापि इसमें पदविन्यास अत्यन्त सरल और बोधगम्य है। कहीं कहीं व्यङ्ग्य और विनोद की झलक भी मिलती है। इस कारण इन्हें आधुनिक गद्यकारों में सम्मान की दृष्टि से देखा गया है।

11.3.3 पं. अम्बिकादत्त व्यास– आचार्य अम्बिकादत्त व्यास के पूर्वपुरुष राजस्थान के भानुपुर के निवासी थे; किन्तु इनके पितामह राजाराम जी जब काशी आये तो यहीं के होकर रह गये। इनका स्थितिकाल 1888 ई,

सन् था। इन्होंने 42 वर्ष की अल्पायु में ही 60 से अधिक ग्रंथों की रचनाकर डाली थी। 'शिवराजविजय' इनका प्रसिद्ध ऐतिहासिक गद्यकाव्य है। ये विविध विधाओं में लेखन कार्य करते थे। 'शिवराजविजय 'को इनका कीर्तिस्तम्भ कहा जा सकता है। इस काव्य में इन्होंने वीर शिवाजी के चरित्र को दर्शाया है। इसकी शैली पदविन्यास मनोहर हैं। यह प्राञ्जल और सुबोधशैली में लिखा गया है। यह गद्यकाव्य यद्यपि कादम्बरी से प्रभावित प्रतीत होता है। किन्तु सुन्दरपदविन्यास , अलङ्कार योजना, प्रकृतिवर्णन, समसामयिक चित्रण के कारण यह गद्यकाव्य संस्कृत साहित्य में विशिष्ट स्थान प्राप्त करती है। इसमें काव्य के नवों रसो का दक्षतापूर्ण व औचित्यपूर्ण प्रयोग दृष्टिगत होता है। राजनीति एवं गुप्तचरों के व्यवहार का यही चातुर्यपूर्ण वर्णन मिलता है। ये संस्कृत और हिन्दी के प्रकाण्ड विद्वान् थे। मात्र 42 वर्षो में इन्होंने जितना कार्य किया वह इनकी कीर्ति कौमुदी को अक्षुण्ण रखने में सक्षम है।

11.3.4 पण्डिता क्षमाराव– इनका स्थिति काल 1890 से 1954 के मध्य रहा है। इन्होंने अनेक एकाङ्की नाटक, नाटिका और जीवन चरितो का निर्माण किया है। इन्होंने अनेक लघुकथाओं और निबन्धों का लेखन करके संस्कृत साहित्य को समृद्ध किया है। इनके कथापञ्चक् ग्रामज्योति एवं कथामुक्तावली नामक तीन कथाग्रंथ प्रकाशित हैं। अपने कथाग्रंथों में इन्होंने समसामयिक सामाजिक समस्याओं उकेरा है– यथा– बालविवाह, विधवाविवाह, स्त्री शिक्षा, सतीप्रथा, विश्वबन्धुत्व और अहिंसा तथा सत्याग्रह। देशाटन का अनुभव होने से इनकी रचनाओं में क्षेत्रीय घटनाओं का स्वाभाविक वर्णन मिलता है–

उपर्युक्त लेखकों के अतिरिक्त जग्गूअलङ्कार की ''जयंतिका'', आचार्य मेधाव्रत का कुमुदिनीसंग्रह, नारायण शास्त्रि का 'विद्धचरितपंचकम् ' गणपतिशास्त्री का सेतुयात्रा वर्णकम्' पं. रामशरण त्रिपाठी की कौमुदी कथा कल्लोलिनी, 'वामनचित्तले' की 'लोकमान्य तिकल चरितम्' और रामजी उपाध्याय की

'द्वासुपणी' उपन्यास संस्कृतगद्यकाव्य के प्रसिद्ध ग्रंथ है, जो आधुनिक युगीन गद्यकाव्य के भंडार को समृद्ध बनाते हैं।

11.4 प. गद्यकाव्य के भेदों का उल्लेख करते हुए यह सिद्ध करिये कि शिवराज विजय किस विधा का गद्यकाव्य है?

उत्तर– संस्कृत साहित्य में गद्यकाव्य के कई रूप दिखायी पडते हैं। गद्यकाव्य को परिभाषित करते हुए आचार्य कहते है–

वृत्तगन्धोज्झितं गद्यं मुवन्तकं वृत्तगन्धि च।

भवेदुत्कलिकाप्रायं चूर्णकं च चातुर्विधम्।

अर्थात् छन्द के बन्धन से रहित गद्य 'मुक्तक, वृत्तगन्धि उत्कलिका और चूर्णक ये चार प्रकार के गद्य संस्कृत साहित्य में प्रायः दृष्टिगत होते हैं। आशय यह है कि

1. समास रहित पदों का प्रयोग करके लिखा जाने वाला गद्य 'मुक्तक' कहलाता है। यह गद्य की प्रथम विधा है।

2 जिस गद्य में लम्बे लम्बे सामासिक पदों का प्रयोग होता है उसे 'उत्कलिका' प्राय गद्य कहा जाता है। यह गद्य की द्वितीय विधा है। कादम्बरी कथा इसका उदाहरण है।

3 जिस गद्य में वृत्तों (छन्दों) के अंश यत्र तत्र प्रयुक्त होते हैं;उसे 'वृन्तगन्धि' गद्यकाव्य कहा जाता है।

4. चतुर्थ प्रकार की विधा 'चूर्णक' गद्य की है। इस गद्य में छोटे–छोटे समस्त पदों का प्रयोग होता है। शिवराज विजय के गद्य में इस विधा को देखा जा सकता है। इन चार भेदों के अतिरिक्त कुछ अवान्तर भेद भी गद्यकाव्य के दिखाई देते है। इसमें गद्यकाव्य की दो विधाएँ मानी गयी हैं।

11.4. कथा– आख्यायिका कथा का उत्तम उदाहरण बाणभट्ट की कादम्बरी कथा का उदाहरण है। एवं 'हर्षचरितम्' आख्यायिका का उत्तम

उदाहरण है। गद्यकाव्य के इन भेदों का प्रथम उल्लेख अग्निपुराणं में मिलता है। आचार्य रुद्रट ने 'काव्यालङ्कार' में एवं आचार्य दण्डी ने 'काव्यादर्श' में इन भेदों की चर्चा की है; किन्तु इसके भेदक तत्त्वों का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया है। वस्तुतः इन भेदो व भेदक तत्त्वों का विस्तार से वर्णन आचार्य विश्वनाथ नें साहित्य दर्पण में किया है। कथा गद्य का लक्ष्ण बताते हुए आचार्य कहते हैं–

कथायां सरसं वस्तु गद्यैरेव विनिर्मितम्।

क्वचिदत्र भवेदार्या खलादेर्वृत्तकीर्तनम्।।

जिस गद्यविधा में सरस इतिवृत्त की रचना होती है, उस प्रभेद को 'कथा कहा गया है। इस विधा में कहीं– कहीं आर्या छंद का प्रयोग होता है; तो कही परवक्त्र और अपरवक्त्त छंदों का प्रयोग भी देखा जाता है। इस गद्य के प्रारम्भ में मङ्गलाचरण किया जाता है; जो प्रायः नमस्कारात्मक होता है। इसमें कहीं दुष्टों की निन्दा और कहीं सज्जनों की प्रशंसा भी की जाती है। इस विधा का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण आचार्य बाणभट्ट की 'कादम्बरी' को कहा जा सकता है।

11.4.2. आख्यायिका–कथा की भॉति ही आख्यायिका भी गद्यकाव्य का एक अवान्तर भेद है। प्रायः कथा की सारी विशेषताएँ इस विधा में भी दृष्टिगत होती है। इस गद्यकाव्य में कवि अपने वंशानुचरित का उल्लेख करता है, बीच बीच में यत्र तत्र अन्य कवियों की चर्चा भी करता है। इसमें बीच बीच में पद्यात्मक सूक्तियों का प्रयोग भी दृष्टिगत होता है। इस गद्यविधा में कथांशो का विभाजन' आश्वास' नाम से किया जाता है। आश्वास के प्रारम्भ में आर्यावक्त्र और अपरवक्त्र में से किसी एक छंद में आबद्ध पद्यरचना, के द्वारा किसी विषय के वर्णन के व्याज से वर्णनीय विषय की सूचना दी जाती है। इसका लक्षण करते हुए आचार्य विश्वनाथ कहते हैं– ''आख्यायिका कथावत्सनात् कवेवशानुकीर्तनम्। अस्यामन्यां कवीनां च वृत्तं पद्यं क्वेचित्क्वचित्।।

''कथांशानां व्यवच्छेद आश्वास इति कथ्यते।

अन्यापदेशेनाश्वासमुखे भाव्यर्थसूचनम्।।''

उक्त गद्यकाव्यविधा का उत्तम उदाहरण महाकवि बाणभट्ट की 'हर्ष चरितम्' रचना है।

11.4.3. कथा और आख्यायिका का अंतर कथा और आख्यायिका के उक्त लक्षणों का एवं भेदक तत्त्वों का अवलोकन करने पर इनके भेदों को इस प्रकार रेखाङ्कित किया जा सकता है।

1. कथा सदैव कवि की कल्पना पर आश्रित होती है; इसमें थोड़ी–बहुत सत्य घटना का मिश्रण भी रहता है; जबकि आख्यायिका सदैव ऐतिहासिक घटनाक्रम पर आधारित होती है।

2. कथा का वक्ता कथानायक स्वयं होता है; किन्तु कभी–कभी उसका मित्र या कोई अन्य वक्ता भी हो सकता है। जैसे चन्द्रापीड कथा में चन्द्रापीड का मित्र वैशम्पायन कथा वक्ता है।

इसके विपरीत 'आख्यायिका' में कथा का वाचक वक्ता होता है। यह प्रायः आत्मकथा के रूप में प्रस्तुत की जाती है। आचार्य रुद्रट का मत है कि आख्यायिका में वक्ता का नायक होना आवश्यक नहीं है।

3. कथा का विभाजन उच्छ्वासों में नहीं होता है। जबकि आख्यायिका में कथा का विभाजन उच्छ्वासों में ही होता है।

4. कथा में वक्त्र और अपरवक्त्र छंदों का प्रयोग नहीं होता है। जबकि आचार्य विश्वनाथ कही–कहीं इन छंदों के प्रयोग को स्वीकार करते हैं; तो कहीं आर्या छंद का। इसके विपरीत 'आख्यायिका' में वक्त्र और अपरवक्त्र छंदों के माध्यम से भावी घटनाओं की सूचना दी जाती है।

5. 'कथा' की रचना केल गद्यशैली में ही होती है। आख्यायिका' में कहीं–कहीं पद्य का प्रयोग भी होता है।

6. कथा में संग्राम (युद्ध), कन्याहरण, कन्यालाभ और प्रकृतिवर्णन होता है। इसमें प्रायः विप्रलम्भ श्रृङ्गार रस का प्रयोग होता है। ' आख्यायिका में ऐसे वर्णन नहीं होते।

7. 'कथा' की भाषा संस्कृत और प्राकृत दोनों होती है। इसके विपरीत 'आख्यायिका' की भाषा केवल संस्कृत होती है।

8 कथा में स्वचरितवर्णन नहीं होता; जबकि आख्यायिका में स्वचरित और अन्यकविचरित का वर्णन देखने को मिलता है।

कथा और आख्यायिका के उक्त लक्षणों का सिंहावलोकन करने से यह निष्कर्ष निकलता है कि 'शिवराजविजय' आख्यायिका शैली का गद्यकाव्य है। क्योंकि यह रचना ऐतिहासिक घटना पर आधारित यथार्थ चित्रण है, अतः इसे आख्यायिका कहा जा सकता है। वस्तुतः कथा और आख्यायिका दोनों गद्यलेखन की दो शैलियाँ है; न कि गद्यकाव्य के भेद। परवर्ती गद्यकारों में कथा और आख्यायिका के उक्त लक्षणों का अनुगमन नहीं किया। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि काव्यशास्त्र के प्रणेताओं ने, हर्षचरित , कादम्बरी और गुणाढ्य की बृहत्कथा को आधार मानकर ही कथा और आख्यायिका के भेदक तत्वों का वर्णन किया था। आधुनिक गद्यकारों नें उन लक्षणों का व्यावहारिक प्रयोग नहीं किया।

11.5.1 शिवराजविजय के प्रथम निःश्वास का कथासार क्या है?

उत्तर – पं. अम्बिकादत्त व्यास ने प्रथम अङ्क की कथावस्तु का प्रारम्भ मङ्गलाचरण से किया है। इसमें उन्होंने श्रीमद् भागवतपुराण के दो श्लोकों के अर्धांश को उद्धृत किया है। इनमें ''विष्णोर्मायाभगवती यथा सम्मोहितं जगत् '' श्रीमद्भागवत के दशम स्कन्ध के प्रथम अध्याय का पचीसवाँ श्लोकार्ध है। जहाँ शुक परीक्षित संवाद के माध्यम से दुष्ट और अन्यायी राजाओं के पापभार से सम्पीडित पृथ्वी के दुख को दूर करने के लिये ब्रह्मा जी ने विष्णु

की मायाशक्ति के प्रभाव का वर्णन किया है। मङ्लाचरण के रूप में उद्धृत द्वितीय सूक्ति ''हिंस्र स्वपापेन विहिंसितः खलःसाधुः समत्वेन भयाद्विमुच्यते'' जिसका उल्लेख श्रीमद्भागवत के दशमस्कन्ध के छठें अध्याय के तीसरे श्लोक में है। इस द्वितीय सूक्ति में बालश्रीकृष्ण द्वारा चक्रवात का रूप धारण करने वाले तृणावर्त नामक दैत्य के विनाश में नन्दराय और गोपगोपीसमूह के उद्गार हैं। इन श्लोकों से मङ्गल के साथ ही भविष्य में होने वाले कथा नायक वीर शिवाजी की विजय और यवनशासक के भावी विनाश की सूचना भी प्राप्त होती है।

मङ्लाचरण के अनन्तर मुनि के आश्रम से गौरसिंह बालक के सोकर उठने और आदरणीय गुरू के प्रातःसन्ध्या के लिये पुष्पों के चयन का वर्णन है। इसी समय श्यामसिंह नामक एक अन्य ब्रह्मचारी आकर उसे यह कहते हुए पुष्पों का तोडने के लिये मना करता है कि मैने तुम्हारे उठने से पहले ही फूल तोड लिये है; अब और पुष्पो की आवश्यकता नहीं है। तुमने जिस ब्राह्मण कन्या को यवनयुवक के हाथ से बीती रात में बचाया था; उसके माता–पिता की खोज करो; अन्यथा वह भयग्रस्त कन्या उठकर पुनः रोयेगी। इसी समय दोनों की दृष्टि आश्रम के समीपवर्ती पर्वत खण्ड पर पड़ी जिस की गुफा में समाधि लगाने के बाद उठकर आते हुए उन योगिराज को उन्होंने देखा; जिन्होंने विक्रमादित्य के काल में समाधि धारण की थी और अब समाधि का त्याग किया था। वे पर्वत से उतर कर इस आश्रम की ओर ही आ रहे थे। किसी को यह पता नहीं था कि उन ऋषि का क्या नाम था और उन्होंने कब समाधि लगायी थी। उन्होंने ब्रह्मचारियों के गुरु से देश की तात्कालिक व्यवस्था, सामाजिक जीवन और परिदृश्य जानने की जिज्ञासा व्यक्त की। उसी समय आश्रम में स्थित एक बालिका के करुण क्रन्दन को सुनकर वे उसके विषय में पूछते हैं। तब ब्रह्मचारियों के गुरु उस बालिका के वृत्तान्त को बताते है;जिसे सुनकर वे कहते हैं कि वीर विक्रमादित्य के शासनकाल में यह अनाचार कैसे?

यह सुनकर ब्रह्मचारियों के गुरु ने योगिराज को बताया कि यह शिवाजी का शासन काल है और इस समय यवनों के आतङ्क से जनता त्रस्त है। इस पर योगिराज ने शिवाजी के विजय की भविष्यवाणी की और पुनः समाधि लगाने के लिये पर्वत की कन्दरा में चले गये।

योगिराज के जाने के बाद अपरिचित व्यक्तियों के चले जाने पर मुनि ने ब्रह्मचारी को बुलाकर जैसे ही बीजापुर के शासक के सेनापति शाइस्ता खान के बारे कुछ पूछना चाहा; वैसे ही उन्हें केले के वृक्ष के समीप किसी के पैरों की आहट सुनाई दी। तब उन्होंने एक ऊँचे शिलाखण्ड पर चढकर देखा कि गृहवाटिका के सुरमुर में दो तीन केले के वृक्ष हिल रहे है। गौरसिंह उस स्थान को संशयकेन्द्र मानकर कुटी के छप्पर में छिपी हुई तलवार खींचकर जाता है और वहाँ स्थित यवनयुवक से युद्ध करता है। दोनों में ओजस्वी वादविवाद होता है और अंत में खड्गयुद्ध में यवन–युवक मारा जाता है। उसके वस्त्रों की तलाशी लेने पर एक पत्र निकलता है, जिससे लेकर दोनों गुरुशिष्य कुटी में प्रवेश कर जाते हैं। प्रथम निःश्वास की कथा का यही विराम हो जाता है।

4. 11.6.1 गद्यकाव्य के सामान्य भेदों का उल्लेख करते हुए यह सिद्ध कीजिए कि शिवराजविजय किस विधा का गद्यकाव्य है?

उत्तर – संस्कृत साहित्य के काव्यों को गद्यकाव्य और पद्यकाव्य के रूप में वर्गीकृत किया जाता रहा है। पद्यकाव्य के जहाँ महाकाव्य, खण्डकाव्य, मुक्तक काव्य आदि भेद किये जाते हैं, वहीं गद्यकाव्य के भी चम्पू, विरुद्ध, करम्भक आदि अनेक भेद किये जाते हैं। ये गद्यकाव्य के सामान्य भेद है इनका संक्षिप्त परिचय निम्नाङ्कित है।

11.6.1 चम्पूकाव्य– उसे कहते हैं जिसमें' गद्य और पद्य दोनों का मिश्रण होता है। जैसा कि साहित्यदर्पण कार ने कहा है–

''गद्य पद्यमयं काव्यं चम्पूरित्यभिधीयते'' अर्थात् पद्य से मिश्रित गद्यकाव्य को चम्पूकाव्य कहते हैं। नल चम्पू, यशस्तिलकचम्पू, मदालसा चम्पू आदि काव्य इसके उदाहरण हैं।

11.6 विरुदकाव्य – यह काव्य भी पद्य के सम्मिश्रण से युक्त गद्यकाव्य है; किन्तु इसमें राजाओं का प्रशस्तिगान होता है। इसीलिये यह चम्पूकाव्य से अलग श्रेणी में रखा गया है, विरुद्ध मणिमाला आदि काव्य इस विधा के उदाहरण भूत गद्यकाव्य हैं। ''गद्यपद्यमयी राजस्तुति र्विरुदमुच्यते''।

116.3 करम्भक काव्य– यह गद्यकाव्य अनेक भाषाओं में निर्मित होता है। आचार्य विश्वनाथ द्वारा रचित ''प्रशस्ति रत्नावली'' इसका उदाहरणभूत ग्रन्थ है; गद्य काव्य में सोलह भाषाओं का प्रयोग हुआ है। जैसी कि उक्ति भी है– ''करम्भकं तु भाषाभिर्विविधाभिर्विनिर्मितम्।''

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है पद्यकाव्य की भाँति गद्यकाव्य की भी अनेक विधाये हैं। इसी आधार पर उक्त वर्गीकरण किया गया है।

116.4 इसकी संक्षिप्तरूप रेखा निम्नाङ्कित पट्टि का से समझी जा सकती है–



समीक्षा उक्त वर्गीकरण के आधार पर यदि हम ध्यान दें, तो गद्य की अनेकविधता के कई कारण है। साहित्यिक गद्य काव्य के मुक्तक, वृत्तगन्धि आदि चार भेदों का आधार गद्यकाव्य की शैली है। इनमें 'मुक्तक गद्य' सामासिक पदो से रहित होता है। 'वृत्तगन्धि' छंदवत् लययुक्त गद्य है 'उत्कलिकाप्राय' गद्य वह हैं; जहाँ दीर्घसमासों से युक्त गद्यरचना होती है। बाणभट्ट की कादम्बरी इसका श्रेष्ठ उदाहरण है। चूर्णकगद्य अल्पसमासों से युक्त गद्यकाव्य है। पं. अम्बिकादत्तव्यास कृत शिवराज विजय में इसका उदाहरण पदे दृपदे दृष्टिगत होता है। अग्निपुराण, काव्यादर्श आदि काव्यशास्त्री य ग्रंथों में कथानक की दृष्टि से गद्यकाव्य के 1 कथा और 2 आख्यायिका ये दो भेद किये गये हैं। इस दृष्टि से होने वाले विभाजन में शिवराजविजय को आख्यायिका' गद्यकाव्य कहा जा सकता है।

सिद्ध कीजिए कि अलङ्कृत गद्यकाव्य परम्परा में शिवराजविजय उपन्यासविधा की दृष्टि से एक सफल रचना है?

अथवा

उपन्यास कला के आधार पर शिवराजविजय का मूल्याङ्क न करिये?

उत्तर– अलङ्कृत गद्यकाव्य की परम्परा में पं. अम्बिकादत्त व्यास उन यशस्वी रचनाकारों में है; जिन्होंने ''शिवराजविजय'' के द्वारा उपन्यास विधा को प्रस्तुत किया है। यद्यपि शिवराजविजय ऐतिहासिक कथा है, इसलिये उसे आख्यायिका की श्रेणी में रखा जा सकता है, तथापि शिल्प की दृष्टि से वह कादम्बरी के निकट है। वस्तुतः व्यास जी को देववाणी का प्रथम उपन्यासकार कहा जा सकता है। अपने 'शिवराजविजय' नामक गद्यकाव्य में उन्हें मराठा साम्राज्य के रक्षक और उन्नायक शिवाजी के दस वर्षों की जीवनावधि अर्थात् 1657 से 1667 ई. तक की यशोमयी गाथा का वर्णन किया है। व्यास जी

ऐतिहासिक तथ्यों के साथ ही कल्पना प्रसूत पात्रों यथा रघुवीर सिंह, सौवर्णी, श्यामवटु, गौरवटु, देवशर्मा, ब्रह्मचारी गुरु आदि पात्रों की कथा का जोड़कर मुख्य कथा को पुष्पित–पल्लवित किया है।

कथा की रोचकता और उपन्यास कला की दृष्टि से यह एक सफल रचना है। वस्तुतः शिवराजविजय का लेखक प्राचीन संस्कृत गद्यकारों के साथ ही आधुनिक उपन्यासकारों के शिल्प से भी प्रभावित है। कादम्बरी के लम्बे–लम्बे समास जहाँ उसके कथाप्रवाह को किञ्चित् बाधित करते हैं, वहीं शिवराज के वर्णन औचित्यपूर्ण एवं वातावरण की सृष्टि की दृष्टि से अनिवार्य प्रतीत होते हैं। ललित पदावली का प्रयोग इसके लेखक को अन्य रचनाकारों से पृथक् करते हैं। यद्यपि शिवराजविजय के लेखक ने इसे गद्यकाव्य ही कहा उपन्यास या आख्यायिका नहीं कहा; तथापि कथाशिल्प की दृष्टि से इसे आख्यायिका और तकनीक की दृष्टि से कथा के निकट होने के कारण औपन्यासिक गद्यकाव्य कहा जा सकता है। इतिहास की सत्य घटनाओं में कल्पना का पुट देकर महाकवि ने'इसे मनोहारी बना दिया है। कथानक में प्रकृति का कहीं उदात्त तो कहीं भयानक रूप देखने को मिलता है। इसके संवाद रोचक और स्वाभाविक हैं। इसकी कथा में रहस्य, रोमांच, हास्य और यथार्थ का शोभन प्रवाह दृ ष्टिगत होता है। अतएव औपन्यासिक शिल्प की कसौटी पर शिवराजविजय खरी उतरती है।

11.81. पं. अम्बिकादत्त व्यास की काव्यकला का चित्रण करिये

अथवा

– 'शिवराजविजय' के औपन्यसिक तत्त्वों की समीक्षा कीजिए–

उत्तर– पं. अम्बिकादत्त व्यास की काव्यकला उन्हें यशस्वी कवियों/रचनाकारों की समीक्षा की दृष्टि से हम शिवराजविजय का मूल्याङ्कन

करते है; तो इसमें प्रमुख रूप से छह बिन्दुओं पर आधारित मूल्याङ्कन हो सकता है। इसके मुख्य बिन्दु इस प्रकार हैं–

11.8.1. कथावस्तु की दृष्टि से विचार करने पर यह सिद्ध होता है कि इसका कथानक अत्यन्त रोचक है। इसका कारण हैं; इतिहास और कल्पना का सुन्दर समन्वय। शिवाजी यवनों के आधिपत्य एवं अत्याचारों से मुक्ति के लिये संघर्ष करते हैं। इस हेतु वे सिंहगढ़ दुर्ग को केन्द्र बनाकर अपनी योजनाओं को क्रियान्वित करते हैं, जिससे बीजापुर का सुल्तान चिंतित हो जाता है और अफलजखान को सेनापति बनाकर भेजता है कि शिवाजी को पराजित करके अथवा जीवित पकडकर ले आओ ; किन्तु शिवाजी की कूटनीतिक सफलता से अफजलखाँ मारा जाता है। मध्य में श्यामसिंह और सौवर्णी की कल्पित प्रणय कथा है। शिवाजी के पूना पर आधिपत्य करने वाले शाइस्ताखाँ को वह मार भगाता है। इस मध्य में शिवाजी की भेंट भूषण– महाकवि से भेंट होती है। उसके पश्चात शिवाजी के सूरत विजय एवं जयसिंह के साथ युद्ध और सन्धि का वर्णन है। शिवाजी का दिल्ली के दरबार में औरंगजेब से भेंट और उसे कैद कर लेने के बाद कैद से छूटने एवं महाराष्ट्र को विदेशियों से मुक्त कराने हेतु शिवाजी के संघर्ष का भी वर्णन हुआ है।

इस ऐतिहासिक उपन्यास में वीर शिवाजी की कथा आधिकारिक (मुख्य) कथा है। इसके बाद रघुवीर सिंह, गौरसिंह श्यामसिंह, योगिराज आदि की प्रासङ्किक कथाओं का संयोजन है जो कथा के उत्कर्ष का हेतु है। आशय यह है कि शिवराजविजय को कथावस्तु सुसम्बद्ध, रोचक और मनोहर है।

11.8.1.2 पात्रचित्रण– की दृष्टि से विचार करने पर शिवराजविजय में दो प्रकार के पात्र दृष्टिगत होते हैं 1 ऐतिहासिक 2 काल्पनिक। यदि ऐतिहासिक पात्रों पर विचार किया जाय; तो इसमें दो प्रकार के पात्र दृष्टिगत होते हैं– 1 शिवाजी के सपक्षी 2 शिवाजी के विपक्षी या विरोधी। शिवाजी के सपक्षियों में माल्यश्रीक है, जबकि विपक्षी ऐतिहासिक पात्रों की एक शृङ्खला

है इनमें यवनशासक औरङ्गजेब, बीजापुरनरेश, शाइस्ता खान और जसवंत सिंह जैसे हिन्दू और रोशनआरा नामक महिला भी है। यदि हम काल्पनिक पात्रों पर विचार करे; तो श्यामसिंह, गौरसिंह रघुवीर सिंह, ब्रह्मचारिगुरु और योगिराज शिवाजी के पक्ष में है; जबकि चाँदखाँ, रहमत खान आदि उसके विपक्ष में है। स्वयं शिवाजी का व्यक्तित्व ओजस्वी एवं वीरतापूर्ण है।

11. 8.3 कथोपकथन या संवादयोजना– शिवराजविजय के संवाद सजीव, चरित्रानुकूल वातावरण के सर्जक एवं स्वाभाविक है इस कथोपकथन में सुसम्बद्धता है, संक्षिप्तता है, एवं स्वाभाविकता तथा उद्देश्यपूर्णता है। इसके संक्षिप्त एवं नाटकीय संवाद कथावस्तु में प्रवाह एवं रोचकता लाते हैं। वस्तुतः इस काव्य में श्रेष्ठ कथोपकथन के समस्त गुण विद्यमान हैं।

यथा– **गौरसिंहः– कुतो रे यवनकुलकलङ्क।**

यवनयुवकः– आः वयमपि कुत इति प्रष्टव्याः भारतीय कन्दरिका कन्दरेष्वपि वयं विचरामः। '' (शिवराजविजय–1–1)

11.8.1.4 देशकालयोजना– औपन्यासिक बिन्दुओं में देशकाल और वातावरण की योजना एवं तत्कालीन समाज का चित्रण भी महत्वपूर्ण होता है। पं0 अम्बिकादत्त व्यास जी ने शिवराजविजय में मुगलकालीन भारत के सामाजिक धार्मिक और राजनीति का वर्णन किया है। इनके वर्णनों में सहजता और स्वाभाविकता दिखी देती है। तत्कालीन धार्मिक और राजनीतिक अवस्था का वर्णन करते हुए व्यास जी कहते हैं– ''क्वाधुना मन्दिरे मन्दिरे जयजय ध्वनिः? क्व सम्प्रति तीर्थे–तीर्थ घण्टानादः? क्वाद्यापि मठे–मठे वेदघोषः अद्य हि वेदाः विच्छिप वीथीषु विक्षिप्यन्ते, धर्मशास्त्राणि उद्धूय धूमध्वजेषु ध्मायन्ते, पुराणानि पिष्ट्वा पानीयेषु पात्यन्ते।'' (शि0वि0 11)

11.8.1.5 भाषा–शैली– यदि हम इस गद्यकाव्य में प्रयुक्त भाषा एवं शैली पर विचार करते है; तो शिवराज विजय एक सफल रचना है। यहाँ कवि ने बाणभट्ट की भाँति प्राञ्जल शैली का प्रयोग किया है। बाणभट्ट की कादम्बरी

में जहाँ दीर्घसमासों की भरमार है; वहीं व्यास जी के 'शिवराजविजय' में छोटे–छोटे समासों के प्रयोग से कथा प्रवाह में बाधा नहीं आती। भाषा की प्राञ्जलता और अलङ्कारों' के सौन्दर्य का एक उदाहरण यहाँ द्रष्टव्य है– **''भगवन् श्रूयतां यदि कुतूहलम् ह्यः सम्पादितसायन्तनकृत्ये अत्रैव कुशास्तरणमधिष्ठिते मयि परितः समासीनेषु छात्रवर्गेषु, धीरसमीरस्पर्शेन मन्दंमन्दमान्दोल्यमानासु व्रततिषु, समुदिते यामिनी कामिनीचन्दनबिन्दौ इव इन्दौ———— क्रन्दनमश्रौषम्''।**

आशय यह है कि व्यास जी की भाषा में कोमलकान्त पदावली का प्रयोग ,भाषा की प्राञ्जलता और अलङ्कारों का सौन्दर्य उनकी शैली को और भी सुन्दर बना देती है।

व्यास जी की शैलीगत विशेषाताओं को देखते हुए डॉ. भगवान् दास' कहते है– कि ''शिवराजविजय की भाषा, पात्र, देशकाल और वातावरण के अनुकूल तेजस्विनी, अर्थपूर्ण और सुबोध होने के साथ ही अवसरानुकूल उद्दाम और कोमल भी है; अतएव व्यास जी की भाषा स्वाभाविक अवसरानुकूल एवं प्राञ्जल है; इसमें कोई संदेह नहीं है। व्यास जी को शैली को वैदर्भी और गौडी का मिश्रण कहा जा सकता है। सरस प्रसङ्गों में उन्होंने वैदर्भी–शैली का प्रयोग किया है। कारुणिक प्रसङ्गों में उनके वर्णन ऐसे हैं, मानो शब्द सिसक रहे हों; जबकि वीररस के वर्णन में ओज बहुल शैली का प्रयोग करने से उसे सुनते ही भुजाओं के फड़कने की प्रतीति होती है। राष्ट्रप्रेम प्रसङ्ग में व्यास जी ने सशक्त व्यञ्जनापूर्ण शैली का प्रयोग किया है, अतएव व्यास जी की शैली प्रवाहपूर्ण कही जा सकती है। महाकवि व्यास जी की शैली वस्तुतः वातावरण देश– काल, संस्कृति भावभङ्गिमा, कुलाचार आदि की सुन्दर अभिव्यक्ति करने में सक्षम है। निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि गङ्गा की भाँति सतत प्रवाहमान भाव धारा, गतिशील चित्रण, अर्थगाम्भीर्ययुक्त पदंविन्यास, भावानुकूल शब्द, बोधगम्य विषय तथा देशकाल और परिस्थित के अनुकूल

बोधगम्य विषय तथा देशकाल और परिस्थिति के अनुकूल भावसंयोजन इनकी शैली की प्रमुख विशेषताएँ है।

यदि भाषा की दृष्टि से विचार करे, तो व्यास जी जहाँ प्रचण्ड भाषा के प्रयोग में सिदृहस्त हैं; वहीं सरल और लघुवाक्यों के विन्यास में भी निपुण है। यथा– **''बटुरसौ आकृत्या सुंदरः, वर्णेन गौरः जटाभिर्बह्मचारी वयसा षोडशवर्ष देशीयः, कम्बुकण्ठः आयतललाटः सुबाहुः विशाल लोचनः च आसीत्।''**

संक्षेय में हम कह सकते है कि व्यास जी की भाषा सरल, सरस प्रवहमान होने के साथ ही प्रचण्ड भी है। सरलता, सरसता के साथ प्रचण्डता का भाषा में जैसा समन्वय व्यास जी ने किया हैः वैसा अन्य कहीं दृष्टिगोचर नहीं होता। व्यास जी की वर्णनशैली की यह विशेषता अनुपम है।

11.8.6 रसपरिपाक– शिवराजविजय का अङ्गी (मुख्य) रस वीर है। यद्यपि प्रसङ्ग वश शान्तरस, भयानक आदि अन्य रसो का वर्णन भी है तथा जैसी सुन्दर एवं चित्ताकर्षक अभिव्यक्ति वीररस की है; वैसी अन्य रसों की नहीं है। वीररस का एक सुन्दर उदाहरण द्रष्टव्य है– **अहो! वीरता शिव वीरस्य– अहो! निर्भयता एतत्सेनानीनामहो त्वरितगतिरेतद्घोटकानाम्, आः! किं कथयामः? दृष्ट्वैवं चमत्कारं शिववीरचन्द्रहासस्य न वयं पारयामो, धैर्यं धर्तुम् न शक्नुमो युद्धस्थाने स्थातुम् को नाम द्विशिरो यः शिवेन योद्धुं गच्छेत् ।''**

उक्त कथन में वक्तृ वै शिष्ट्य से भयानक रस की प्रतीति भी होती है। इस गद्यकाव्य में वीररस मुख्य है, तो अन्य रसों की अभिव्यक्ति गौण रूप से है। शान्त रस (निर्वेद) के उदाहरण के लिये योगिराज का यह कथन दर्शनीय है– **मुने! विलक्षणोऽयं भगवान् सकलकलाकलापकलनः सकलकालनकरालः कालः। स एव कदाचित् पयः पूरितन्यकूपारतलानि मरूकरोति । सिंहव्याघ्रभल्लूक, गण्डकफेरुशशसहस्रव्याप्तान्यरण्यानि**

जनपदीकरोति, मन्दिरप्रासादहर्म्यशृङ्गारक– चत्वरोद्यानतडागगोष्ठमयानि नगराणि च काननीकरोति।''

कहीं–कहीं करुण रस की अभिव्यक्ति भी दिखायी देती है। करुणरस का सुन्दर उदाहरण निम्न पङ्क्तियों में दृष्टिगत होता है– **भगवन् ! दम्भोलिघटितेयं रसना, या दारुणदानवोदन्तो दीरणैनं दीर्य्यते, लोहसारमयं हृदयम्, यत् संस्मृत्य यावनान्परसहस्रान् दुराचारान् शतधा न भिद्यते, भस्मसाच्च न भवति। धिगस्मान् येऽद्यापि जीवामः, श्वसिमः विचरामः, आत्मनः आर्यवंश्याश्चाभिमन्यामहे।''**

निष्कर्ष यह है कि वीर रस के मुख्य होते हुए भी अन्य रसो का यथास्थान सुन्दर चित्रण मिलता है। जो कवि के रसज्ञान एवं योजना को उत्कृष्ट बनाता है।

11.8.1.7 अलङ्कारयोजना– महाकवि अम्बिकादत्तव्यास जी ने इस गद्यकाव्य में अलङ्कारों का सन्निवेश रस और वातावरण के अनुरूप ही किया है। यद्यपि शिवराजविजय के गद्य का आदर्श अलङ्कृतशैली का गद्य ही रहा है; तथापि शिवराजविजय में प्रयुक्त अलङ्कार उसके नैसर्गिक सौन्दर्य को अभिभूत नहीं कर पाये हैं। व्यासजी ने इस गद्यकाव्य में अनुप्रास, उपमा, विरोधाभास, परिसंख्या, रूपक आदि अलङ्कारों का रसानुकूल प्रयोग किया है। यथा – इस गद्यखण्ड में अनुप्रास की छटा दर्शनीय है– ''शोक विमोकः कोकलोकस्य,, अवलम्बो रोलम्बकदम्बस्य–'' इसी प्रकार ''कुतूकुतुपकर्करी कण्डोलकटकटाह–कम्बिकडम्बान्–'' आदिस्थलों पर भी अनुप्रास अलङ्कार का सुन्दर प्रयोग दृष्टिगत होता है।

उपमा– जहां तक उपमा अलङ्कार की बात है उसमें व्यास जी ने उपमानों के चयन में बडी उदारता का व्यवहार किया है। उन्होंने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र और परिवेश से उपमान प्रस्तुत किये हैं। कवि ने जहाँ मृणाल, कुन्दकोरक, नवनीत आदि प्राकृतिक उपमानों का प्रयोग किया है; वहीं उन्होंने

पात्र के अनुकूल उपमानों का प्रयोग भी किया है। जब गौरसिंह शिवाजी की प्रशंसा करने के बाद यह कहता है कि आज सिंह का सामना सिंह से है, तो अफजलखान के उद्‌गार इस प्रकार से प्रकट होते हैं–''को नाम खपुष्पायितः, शशशृङ्‌गायितः कमठीस्तन्यायितः सरीसृपश्चवणायितः भेकरसन्नायितः वन्ध्यापुत्रायितश्च शिवोऽस्ति।'' अर्थात् आकाशपुष्प जैसा, खरगोश के सींग जैसा, कछुयी के दुग्ध जैसा, साँप के कान जैसा, मेढक की जिह्वा जैसा और बन्ध्यापुत्र जैसा शिव भी भला कोई चीज है। यद्यपि शिवाजी की दृष्टि से उक्त कथन अनुचित है, तथापि उक्त कथन अफलज खाँ का होने से अस्वाभाविक नहीं हैं. खरगोश की सींग, कछुई का दूध , मेढक की जीभ जैसे उपमानों का प्रयोग अफजलखाँ ही कर सकता है। व्यास जी ने शिवराजविजय में यत्र–तत्र विरोधामास अलङ्‌कारों का भी सुन्दर प्रयोग किया है। इसका दुर्गाजी की मूर्ति विषयक एक उदाहरण द्रष्ख्य है– सर्वामयरवर्वपराक्रमां, श्याममापि यशः समूह श्वेतीकृतत्रिभुवनाम् , कुशासनामपि सुशासनाश्रयाम्––––– सूक्ष्मदर्शनामपि असूक्ष्मदर्शनां, ध्वंसकाण्डव्यसनिनीमपि धर्मधौरेयीम्, कठिनापि कोमलाम्, उग्रामपि शान्तां, शोभितविग्रहामपि दृढ़सन्धिबन्धनाम्, कलितगौरवामपि कलितलाघवाम्–––।'' पूर्वोक्त अलङ्‌कारों के अतिरिक्त उत्प्रेक्षा, स्वभावोक्ति, उल्लेख, श्रुत्यनुप्रास, लुप्तोपमा आदि अनेक अलङ्‌कारों का शिवराजविजय में व्यास जी ने सुन्दर प्रयोग किया है। इन अलङ्‌कारों से रसानुभूति में कोई बाधा नहीं आती, अपितु उसके सौन्दर्य की अभिवृद्धि होती है। जिससे सिद्ध होता है कि व्यास जी की अलङ्‌कार योजना सुन्दर और वर्णनानुकूल है।

11.8.1.8 अन्य विशेषताएँ– व्यास जी नें कथावस्तु को इतनी सह्रदयता, सुन्दरता और सूक्ष्मता से प्रस्तुत किया है कि कहीं भी कृत्रिमता की प्रतीति नहीं होती। उन्होंने प्रातः काल, का सूर्योदय का, सूर्यास्त, संध्याकाल, सैन्यशिविर, आश्रम और आदि के चित्रण द्वारा वाह्य प्रकृति का जो चित्रण किया है; वह चित्ताकर्षक है। उनका अन्तर्द्वन्द्वों का चित्रण भी नितान्त

हृदयावर्जक है। अफजलखान के सैन्यशिविर के वर्णन को सुनकर एक शब्दचित्र हमारे सामने उपस्थित हो जाता है। इसका एक उदाहरण दर्शनीय है–''क्वचिद् हरिद्रान्हरिद्रा, लशुनं– लशुनं, मरिचं–मरिचं–समीपसंस्थापित कुतूकुतूपकण्डोल–कटकटाहकम्बि कडम्बान् उग्रगन्धीनि मांसानि शूलाकुर्वतः नखम्पचायवागू–स्थालिकासु प्रसारयतः,हिंगुगन्धीनि तेमनानि––––– मदव्याघूर्णित क्षोणनयनान् यवनयुवकान् ''आदि के द्वारा अफजल के सेना का शिविर चित्र उपस्थित हो जाता है।

11.8.1.9 निष्कर्ष

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि पं0 अम्बिकादत्त व्यास को काव्यकला उत्तमकोटि की है। इस साहित्यिक कृति ने गद्यकाव्य के क्षेत्र में युगान्तकारी परिर्वतन–परिवर्धन प्रस्तुत किया है। इस आधुनिक युग की नवचेतना एवं नवीनधारा का प्रतिनिधिकाव्य कहा जा सकता है। इसके रचनाकार ने तात्कालिक युग के परिवेश एवं भावबोध को उकेरने की चेष्टा की है। जिस प्रकार से हिन्दी साहित्य में भारतेन्दुयुग को नवजागरणकाल माना गया है; उसी प्रकार संस्कृत साहित्य में इन्हें युग एवं लोकजागरण का संदेश देकर शिवाजी के माध्यम से जन–जन में जिजिविषा का संचार करने वाली रचनाकार कहा जा सकता है। शिवराजविजय गद्यकाव्य परम्परा की दृष्टि से मृच्छकटिकम् व मुदाराक्षस का अनुकरण करता है। देशप्रेम, राजनीति, नवीनता एवं प्रगतिशील विचारों के साथ ही स्वधर्म की रक्षा की कामना करते हुए इसमें नवीन एवं प्राचीन परम्पराओं का समन्वय किया गया है।

इस ऐतिहासिक उपन्यास में संस्कृत साहित्य में अप्रचलित भावों और विचारों को प्रकट करने के लिये नवीन शब्दों का सृजन किया गया है। दोनों सम्प्रदायों के धार्मिक विश्वास, पहनावा, जीवनदृष्टि, राजदरबार, देवालय, आश्रम, सैन्यशिविर आदि का सजीव चित्रण करके कवि ने तत्कालीन समाज और राजनीति से सम्बंधित विचार प्रकट किये है। जो कवि की सूक्ष्म दृष्टि का

परिचायक है। इसकी अन्य विशेषताओं में इसका संवाद सौष्ठव है। इसके संवादों से वाक्चातुर्य, तत्कालीन नीति और व्यवहार कुशलता का परिचय मिलता है। जिससे यह सिद्ध होता है कि पं. अम्बिकादत्त व्यास अपनी प्रतिभा और पाण्डित्य से प्रकाण्ड पण्डितों का भी मात देने में सक्षम थे।

'शिवराजविजय' की भाषाशैली कभी–बाणभट्ट के समीप पहुंचती है; तो कही वैदभी–गौडी रीति का समन्वय करके अभिनव चमत्कार उत्पन्न करती है। इसमें गद्य की प्रौढ़ता एवं पदयोजना में संश्लिष्टता होने पर भी प्रवाह में सातत्य है। बीच–बीच में मुहावरों का पुट इसके वर्णनों में रोचकता और प्रभावोत्पादकता लाता है। जिससे यह सिद्ध होता है कि इसका रचनाकार अपने प्रयोजन और आकाङ्क्षा की दृष्टि से एक सफल कवि के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त करने के योग्य है।

11.7.1.9 बोधप्रश्न

1 शिवराजविजय किस शैली का गद्य काव्य है ?

2 गद्यकाव्य के मुख्य भेद कितने हैं?

3 शिवराजविजय कथा है या आख्यायिका?

4 पं. अम्बिकादत्त व्यास ने कितने ग्रंथों की रचना की?

5 'शिवराजविजय' का गद्य किस कोटि में आता है?

6 पं. अम्बिकादत्त किस युग के कवि थे?

7 शिवराजविजय की भाषा किस श्रेणी में आती है?

8 शिवराजविजय का अङ्गी रस कौन सा है।

9 शिवराजविजय में किस अलङ्कार का प्रयोग सबसे अधिक हुआ है?

❑❑❑